GE
नगर संस्करण
# गुड इवनिंग
सांध्य दैनिक
इंदौर-भोपाल-ग्वालियर से प्रकाशित

पेज-6
भाजपा बंगाली बोलने वालों को परेशान कर रही : ममता



अलग अंदाज़, अलग नज़रिया | इंदौर, गुरुवार, 17 जुलाई 2025 | मूल्य एक रुपए | ■ पृष्ठ : 8 ■ वर्ष : 09 ■ अंक : 119
www.goodeveninglive.com | https://www.facebook.com/goodevening01 | www.goodeveningonline.com

## Short News

### ब्रह्मचर्य तार-तार: यौन जाल में फंसे 9 भिक्षु बर्खास्त



**बैंकाक।** थाईलैंड में 9 भिक्षुओं को महिलाओं से चोरीछिपे सेक्स करने के आरोप में बर्खास्त कर दिया गया है। पुलिस ने एक महिला को भी बौद्ध भिक्षुओं को यौन संबंध बनाने के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि इस कांड में शामिल कम से कम नौ बौद्ध भिक्षुओं और वरिष्ठ भिक्षुओं को भिक्षु पद से हटा दिया गया है। 35 वर्षीय विलावान एम्सावत नामक महिला को राजधानी बैंकॉक के उत्तर में नोंथबुरी प्रांत स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया है। इस पर बौद्ध भिक्षुओ से ब्लैकमेल कर जबरन वसूली करने और संबंध बनाने में मदद करने का आरोप लगा है। महिला ने वरिष्ठ भिक्षुओं को निशाना बनाकर प्रेम संबंध शुरू करने के बाद कई भिक्षुओं ने बड़ी धनराशि उसे हस्तांतरित की थी।

### अदालतों में टॉयलेट की कमी, सुप्रीम कोर्ट नाराज



**नई दिल्ली।** देश की अदालतों में टॉयलेट जैसी बुनियादी सुविधा की हालत पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। बुधवार को कोर्ट ने नाराजगी जताई कि देश के 25 में से 20 हाईकोर्ट ने अब तक ये नहीं बताया कि उन्होंने टॉयलेट की सुविधा सुधारने के लिए क्या कदम उठाए हैं? सुप्रीम कोर्ट ने 15 जनवरी 2025 को सभी हाईकोर्ट, राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया था कि हर अदालत में पुरुष, महिला, दिव्यांग और ट्रांसजेंडर्स के लिए अलग-अलग टॉयलेट होने चाहिए। उचित स्वच्छता पाना संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत एक मौलिक अधिकार है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन ने आज सुनवाई के दौरान सभी हाईकोर्ट को रिपोर्ट पेश करने के लिए 8 हफ्ते का समय दिया।

### मदरसों में उर्दू की जगह मराठी पढ़ाई जाए : राणे



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री नीतेश राणे ने कहा कि मदरसों में उर्दू की जगह मराठी पढ़ाई जानी चाहिए और मुसलमानों को अजान मराठी में देनी चाहिए। राणे ने यह बयान कांग्रेस के मुंबई के कुछ इलाकों में मराठी पाठशालाएं शुरू करने पर पूछे गए सवाल के जवाब में दिया। राणे ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस को मराठी स्कूल चलाने की जरूरत क्यों है? विपक्ष को मुसलमानों से कहना चाहिए कि अजान मराठी में दी जाए। हमारे मंदिरों के बाहर जय श्रीराम के नारे लगते हैं, लेकिन दुकानों के अंदर अब्दुल बैठा है। राणे के इस बयान के बाद राजनीति गरमा गई है। विपक्ष के नेता वारिस पठान ने कहा कि बीजेपी धर्म और भाषा के नाम पर नफरत फैला रही है।

## सीएम ने कहा : स्पेनिश कोचिंग व यूथ ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू कर सकते हैं

# एमपी की ब्रांडिंग होगी स्पेन के फुटबॉल मैचों में

## संस्था ला-लीगा को सीएम यादव ने दिया एमपी में फुटबॉल एक्सीलेंस सेंटर

गुड इवनिंग, भोपाल/मैड्रिड

*स्पेन दौरे के पहले दिन सीएम मोहन यादव स्पेन की प्रसिद्ध फुटबॉल लीग संस्था ला-लीगा के मुख्यालय पहुंचे। सीएम स्पेन की राजधानी मैड्रिड में इस दौरे के बीच पूरे ला लीगा में छा गए। ला-लीगा के बिजनेस प्रबंध निदेशक जॉर्ज डे ला वेगा व सीएम के बीच फुटबॉल और अन्य मुद्दों पर लंबी चर्चा हुई। इस दौरान सीएम यादव ने वेगा को मध्य प्रदेश की खेल गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने इस दौरान यहां तक कहा कि ला लीगा की विशेषज्ञता मध्य प्रदेश तक पहुंचनी चाहिए। इस दौरान इस बात पर भी चर्चा हुई कि ला लीगा के मैचों के दौरान मध्य प्रदेश की ब्रांडिंग की जाए।*



### सीएम डॉ. यादव ने दिए कई प्रस्ताव

इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ला लीगा के सामने यह भी प्रस्ताव रखा कि मध्यप्रदेश में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर फुटबॉल एक्सीलेंस सेंटर, स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर अपग्रेडेशन और स्पेनिश कोचिंग आधारित यूथ ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किए जा सकते हैं।

### सीएम यादव ने यह भी कहा

- ला-लीगा के साथ यह साझेदारी केवल खेलों तक सीमित नहीं रहेगी।
- यह मप्र में रोजगार सृजन, सामाजिक भागीदारी, अंतरराष्ट्रीय ब्रांडिंग और सांस्कृतिक पर्यटन को भी नई दिशा देगी।
- सुझाव दिया कि ला लीगा मैचों के दौरान मप्र की सांस्कृतिक विविधता, वन्यजीव, विरासत स्थलों और पर्यटन स्थलों की ब्रांडिंग की जाए।
- इससे पर्यटन पर तो असर होगा ही, स्पोर्ट्स टूरिज्म, फिटनेस जैसी चीजों को भी बढ़ावा मिलेगा।

### क्या है ला लीगा

ला लीगा स्पेन की प्रमुख पेशेवर फुटबॉल लीग है। इसके मैचों का पूरी दुनिया इंतजार करती है। इससे साझेदारी के बाद मप्र में स्पोर्ट्स और टूरिज्म को मजबूती मिलेगी। क्योंकि, ला लीगा विश्वभर के युवाओं को ट्रेनिंग के साथ-साथ टेक्निकल सपोर्ट भी करता है। भारत में भी ला लीगा का रोमांच चरम पर होता है। भारत में भी ला लीगा के मैच देखने वाले दर्शकों की संख्या करोड़ों में है।

# अतिथि शिक्षक नहीं लगा रहे मोबाइल एप से अटेंडेंस

## स्कूल शिक्षा विभाग ने कहा- मानदेय नहीं मिलेगा

गुड इवनिंग, भोपाल/इंदौर

प्रदेश में शिक्षक और अतिथि शिक्षक की ई-अटेंडेंस व्यवस्था जुलाई के पहले 15 दिन में पूरी तरह फेल हो गई है। इसी को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने अब सख्त कदम उठाया है। विभाग ने सभी जिलों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 18 जुलाई से जो गेस्ट टीचर ई-अटेंडेंस (ऐप से अटेंडेंस) नहीं लगाएंगे, उन्हें गैरहाजिर माना जाएगा और मानदेय (वेतन) नहीं दिया जाएगा।

विभाग ने सभी जिलों के गेस्ट टीचर्स की ई-अटेंडेंस की रिपोर्ट भी जारी की है और निर्देश दिया है कि इस पर सख्ती से अमल कराया जाए। हालांकि, अतिथि शिक्षक संघ का कहना है कि जब तक अवकाश की सुविधा नहीं मिलेगी, तब तक ई-अटेंडेंस नहीं लगाएंगे।




### हमारे शिक्षक एप से अनिवार्य की गई उपस्थिति

स्कूल शिक्षा विभाग ने इस शैक्षणिक सत्र से गेस्ट टीचर्स की अटेंडेंस मोबाइल एप हमारे शिक्षक के जरिए दर्ज करना अनिवार्य कर दिया है। इसके लिए सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अब शिक्षक की उपस्थिति सिर्फ ऐप के माध्यम से ही मान्य मानी जाएगी।

# एमपी की 5 बड़ी सिटी को स्वच्छता अवॉर्ड

## इंदौर होगा सुपर लीग में शामिल; भोपाल को 6 साल बाद मिली दूसरी रैंक



गुड इवनिंग, इंदौर

मध्यप्रदेश में इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर-ग्वालियर समेत देवास, शाहगंज और बुधनी को आज स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के अवॉर्ड मिलेंगे। सुपर स्वच्छ लीग सिटी में शामिल इंदौर सुपर लीग में पहुंच सकता है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू आज इन शहरों को अवॉर्ड देंगी। इसके अलावा उज्जैन, देवास, शाहगंज और बुधनी को भी उन्हीं के हाथों से अवॉर्ड मिलेंगे। जबलपुर को स्पेशल कैटेगिरी और ग्वालियर को स्टेट लेवल का मिनिस्ट्रियल अवॉर्ड मिलेंगे। नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में यह आयोजन होगा।

**भोपाल, देवास, शाहगंज को राष्ट्रपति सम्मान-** इसी तरह राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त करने वाले शहरों में भोपाल, देवास और शाहगंज शामिल हैं। इसके अलावा आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा प्रदेश के जबलपुर और ग्वालियर को उनके उल्लेखनीय प्रयासों के लिए सम्मानित किया जाएगा।

### आज ही जारी होंगी रेटिंग

कचरा मुक्त शहरों की स्टार रेटिंग और ओडीएफ/ वाटर प्लस के परिणाम भी आज ही जारी किए जाएंगे। प्रदेश से इस आयोजन में विभागीय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी के साथ विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधियों की बड़ी टीम इस आयोजन में शिरकत करेगी। भोपाल से महापौर मालती राय दिल्ली पहुंच गईं।

## गाजा में भोजन वितरण केंद्र पर भगदड़, 43 की मौत



**गाजा।** गाजा के खान यूनिस में बुधवार को एक भोजन वितरण केंद्र पर 43 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 21 लोग खाना लेने की कोशिश में मारे गए, जबकि 15 लोगों की मौत भगदड़ में कुचल कर हुई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि यह हादसा गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन सेंटर पर हुआ। मंत्रालय ने इजराइली सेना और अमेरिका पर जानबूझकर भूखे लोगों का नरसंहार करने का आरोप लगाया। वहीं, मंत्रालय ने अब तक 20 लोगों के मारे जाने की बात स्वीकार की है, लेकिन इसके लिए हमास से जुड़े लोगों पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया। यूएन इन सेंटर्स को मौत का जाल करार दे चुका है। मई के अंत से अब तक इन सेंटर्स पर या आसपास 870 से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं।

# एयरपोर्ट पर मच्छरों से परेशान हैं यात्री

गुड इवनिंग, इंदौर

इंदौर के इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सफाई व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। मच्छरों से परेशान बेंगलुरु जा रहे यात्री ने एयरपोर्ट प्रबंधन को इसकी शिकायत की है। पिछले दो महीने में यह तीसरी बार है, जब मच्छरों से परेशान होकर यात्री ने प्रबंधन से यह शिकायत की है।

हालांकि प्रबंधन ने इसे जल्द से जल्द ठीक करने का आश्वासन यात्री को दिया है। इंदौर एयरपोर्ट का यात्री सुविधाओं के मामले में एयरपोर्ट का स्तर गिर रहा हैं। यात्री लगातार यहां गंदगी, मच्छर, चूहे, काकरोच, खराब पार्किंग जैसे मसलों की शिकायत कर रहे हैं। यात्री ने शिकायत में लिखा कि



एयरपोर्ट के ग्राउंड फ्लोर पर काफी मच्छर हैं, यहां एसी भी काम नहीं कर रहा है और चाय-कॉफी के काउंटर पर स्टाफ भी नहीं है। यात्री ने खाली काउंटर के फोटो के साथ ही मच्छरों का वीडियो भी शेयर किया। इसे एयरपोर्ट अथॉरिटी, डीजीसीए और इंदौर एयरपोर्ट को टैग भी किया। इसके बाद एयरपोर्ट प्रबंधन ने यात्री को जवाब देते हुए लिखा कि, आपको हुई असुविधा के लिए हम माफी मांगते हैं। कई यात्री इससे पहले भी इस तरह की शिकायतें कर चुके हैं।


## अनोखा प्रदर्शन : शिवसेना एमएलए के खिलाफ किया प्रदर्शन

# महाराष्ट्र विधानसभा में लुंगी-बनियान पहनकर पहुंचे विपक्षी विधायक

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र विधानसभा के बाहर बुधवार को एक अनोखा विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। महाविकास आघाड़ी के विधायकों ने लुंगी-बनियान पहनकर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन शिवसेना (शिंदे गुट) के विधायक संजय गायकवाड़ द्वारा विधायक होस्टल के कैंटीन के कर्मचारी से मारपीट के खिलाफ किया गया। शिवसेना (उद्धव गुट) के विधान परिषद में नेता अंबादास दानवे, एनसीपी (शरद पवार गुट) के विधायक जीतेन्द्र आव्हाड समेत कई विपक्षी नेता इस प्रदर्शन में शामिल हुए। सभी ने गुंडा राज के खिलाफ नारेबाजी की।

अंबादास दानवे ने कहा कि जब विधायक कैंटीन में ही मारपीट कर रहे हैं तो इससे साफ है कि सरकार ऐसे तत्वों को संरक्षण दे रही है। इससे पहले सीएम देवेंद्र फडणवीस और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे भी विधायक की आलोचना कर चुके हैं।



8 जुलाई को कैंटिन कर्मचारी को पीटा था

शिवसेना (शिंदे गुट) विधायक संजय गायकवाड़ ने 8 जुलाई को खाने की क्वालिटी सही नहीं मिलने पर मुंबई के आकाशवाणी विधायक गेस्ट हाउस के केंटीन स्टाफ के साथ मारपीट की थी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। मामले में संजय गायकवाड़ ने कहा था मुझे अपने किए पर कोई पछतावा नहीं है।

### फडणवीस बोले- विधायकों की प्रतिष्ठा धूमिल हुई

सीएम फडणवीस ने 9 जुलाई को सदन में कहा, इस तरह का आचरण सही संदेश नहीं देता। ऐसा व्यवहार अस्वीकार्य है और किसी के लिए भी सम्मानजनक नहीं है। एक विधायक के रूप में गायकवाड़ के कृत्य ने सभी विधायकों की प्रतिष्ठा धूमिल की है। वे बोले में विधान परिषद अध्यक्ष राम शिंदे से आग्रह करता हूं कि मुद्दे की जांच करें। समस्या है तो कार्रवाई की जा सकती है। जनप्रतिनिधियों के मारपीट करने से लोगों के बीच गलत संदेश जाता है।



# महामंडलेश्वर हरि गिरि महाराज ने किन्नर अखाड़े में दी दीक्षा

गुड इवनिंग, इंदौर

शहर के राजवाड़ा पर किन्नर अखाड़े में कल गुरु पूर्णिमा का आयोजन किया गया। इस दौरान 11 नए किन्नर को दीक्षा भी दी गई। इस अवसर पर किन्नर अखाड़े के महामंडलेश्वर हरि गिरि महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे। नंदलालपुरा स्थित किन्नर अखाड़े में बुधवार को किन्नरों ने अपने महामंडलेश्वर हरि गिरि महाराज का पूजन किया। साथ ही अखाड़े में 11 नए किन्नरों को दीक्षा भी दिलवाई। महामंडलेश्वर हरि गिरि महाराज कुंवर सीमा गुरु कुंवर पायल गुरु द्वारा दीक्षा दी गई। मीडिया से चर्चा करते हुए महामंडलेश्वर हरि गिरि महाराज और किन्नर अखाड़े की गुरु पायल गुरु ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर हरिद्वार से हमारे महामंडलेश्वर हरि गिरि बापू पधारे हैं जिन्होंने हमें हमारे समस्त किन्नर अखाड़े को फलने-फूलने का आशीर्वाद दिया। हर साल गुरु पूर्णिमा का आयोजन यहां किया जाता है। बुधवार को गुरु पूर्णिमा के आयोजन के साथ भंडारे का भी आयोजन रखा गया। हमारा अखाड़ा आगामी सिंहस्थ में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगा।





नृसिंह वाटिका में चल रहे चातुर्मासिक अनुष्ठान की धर्मसभा में सिद्धि तप आराधना में शामिल हुए 110 तपस्वी

# सत्संग से जीवन को ऊंचाइयों पर ले जाने का नाम ही धन्यता

गुड इवनिंग, इंदौर

जीवन में धन्यता प्राप्ति के लिए भगवान महावीर स्वामी ने अपने अंतिम ग्रंथ उत्तराध्ययन सूत्र में पांच ऐसे मंत्र बताए हैं, जिन पर चलकर हम न केवल अपने बल्कि दूसरों के जीवन को भी संवार सकते हैं। इस ग्रंथ में जीवन में व्यक्ति को होश में रहते हुए, भाषा पर संयम रखते हुए, असत्य और दूसरों की भावना को ठेस पहुंचाने वाले शब्दों से दूर रहने, शुद्ध आहार करने और अपने उठने-बैठने जैसे व्यवहार में सावधानी बरतने के सूत्र बताए गए हैं। गुरू के सानिध्य में रहते हुए सत्संग के माध्यम से अपने जीवन को ऊंचाइयों की ओर ले जाने का नाम ही जीवन की धन्यता है। विडंबना है कि आज हमारे युवा एवं किशोर बच्चे पूरी-पूरी रात मोबाईल पर क्या-क्या खोजते हैं और परिवार तथा समाज पर उनका क्या असर हो रहा है, यह सब चिंता का विषय है। इस मामले में सबको ध्यान देना चाहिए।

ये दिव्य और प्रेरक विचार हैं युवा हृदय सम्राट जैनाचार्य प.पू. विश्वरत्न सागर म.सा. के, जो उन्होंने बुधवार को अर्बुद गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार, जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार इंदौर के तत्वावधान में एयरपोर्ट रोड स्थित नरसिंह वाटिका पर चल रहे चातुर्मासिक अनुष्ठान में उत्तराध्ययन सूत्र की विवेचना के दौरान व्यक्त किए। इस मौके पर आयोजन समिति की ओर से पुण्यपाल सुराना, ललित सी. जैन, कैलाश नाहर एवं मनीष सुराना ने सभी समाजबंधुओं की अगवानी की। लाभार्थी परिवारों का बहुमान प.पू. विश्वरत्न सागर म.सा. की पावन निश्रा में पारसमल बोहरा, दिलसुखराज कटारिया, प्रीतेश ओस्तवाल आदि ने किया। धर्मसभा में शेखर गेलड़ा, दिलीप मंडोवरा एवं भरत कोठारी सहित विभिन्न समाजबंधु अनेक व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

धर्मसभा को मुनि प्रवर उत्तमरत्न सागर म.सा. ने भी संबोधित किया और कहा कि जिसके हृदय में सच्ची श्रद्धा विराजित हो, उसका जीवन परमार्थ और सदभाव के लिए प्रवृत्त बना रहता है। सबसे खतरनाक मोहनीय कर्म होता है, जो मोह के वशीभूत होकर किया जाता है। काया की माया सबसे घातक होती है। सम्यक दर्शन अर्थात अटूट और अखंड श्रद्धा से युक्त व्यक्ति कभी भी धर्म के पथ से डिग नहीं सकता। सिद्ध बनना सरल है, लेकिन अरिहंत बनना कठिन। अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु होता है, जो तीर्थंकर या तपस्वी लोगों को भी नहीं छोड़ता।

उत्तराध्ययन सूत्र की व्याख्या करते हुए प.पू. विश्वरत्न सागर म.सा. ने कहा कि होश में रहना बहुत जरूरी है। आज बेहोशी के कारण ही अनेक दुर्घटनाएं हो रही हैं। हमारे युवा कल्पना, ख्वाबों और बेहोशी में चलने के कारण अपने मूल्यवान जीवन से हाथ धो रहे हैं। हमारा भाषा संबंधी आचरण भी अनेक विवादों को जन्म देता है। कब, कैसे और कहां बोलना है अथवा मौन रहना है, इसका ज्ञान भी होना चाहिए। हमारी बोली से किसी ओर को ठेस नहीं पहुंचना चाहिए। हमारी भाषा में विवेक होना चाहिए। आज अनेक माता-पिता वृद्धाश्रम पहुंच गए हैं तो इसके पीछे भी भाषा का ही विवाद प्रमुख माना जाता है। हमारे खान-पान में भी संयम और संतुलन का गणित होना चाहिए। आहार के 42 दोष बताए गए हैं। आहार कब, कैसे, कहां लेना चाहिए इसका उल्लेख भी हमारे धर्मग्रंथों में मिलता है। इसके अलावा हमारे उठने, बैठने, चलने, फिरने और अन्य सामान्य व्यवहार का उल्लेख भी भगवान महावीर स्वामी ने अपने धर्मग्रंथ में किया है। उस युग के संदेश और सूत्र आज भी शाश्वत और प्रासंगिक हैं, जीवन की धन्यता तभी संभव है, जब हम इन सूत्रों और मंत्रों पर चलेंगे।





## सुपर-30 के संस्थापक आनंद कुमार आएंगे

गणिवर्य ने समाज के प्रतिभावान युवकों का आव्हान किया कि वे शनिवार, 19 जुलाई को देश के महान शिक्षाविद और गणितज्ञ सुपर-30 के संस्थापक आनंद कुमार के सानिध्य में अपने कैरियर एवं जीवन को सुधारने, संवारने का मार्गदर्शन अवश्य प्राप्त करें। आनंद कुमार बिहार के पटना में सुपर-30 नाम से एक संस्थान चलाते हैं, जिसमें गरीब छात्रों को आईआईटी की निशुल्क कोचिंग देते हैं। वे एक अच्छे गणितज्ञ होने के साथ ही अच्छे शिक्षक भी हैं। समाज के गरीब छात्रों के मुफ्त में शिक्षा देकर उनकी काबिलियत को नई दिशा देने के उद्देश्य से उन्होंने पिछले 25 वर्षों में हजारों छात्रों को मुफ्त में कोचिंग देकर उन्हें आईआईटी और जेईई जैसी परीक्षाओं में सफलताएं दिलाई हैं। उनकी सफलता की कहानी सात समंदर पार तक भी जा पहुंची है और उन्हें अमेरिका के मैसच्युसेट्स प्रोद्योगिकी संस्थान एवं हार्बर्ड वि.वि. द्वारा भी आमंत्रित किया जा चुका है। डिस्कवरी चैनल ने भी उन पर फिल्म बनाई है। सन 2018 में उनके द्वारा प्रशिक्षित 480 में से 422 छात्र आईआईटी के लिए चयनित हुए हैं, जो एक कीर्तिमान है।

# एडवोकेट तनुज दीक्षित बने अखिल भारतीय संत समिति के कानूनी सलाहकार

## धर्म, राष्ट्र और गौमाता के लिए न्याय के मार्ग पर तनुज दीक्षित

गुड इवनिंग, इंदौर



परम पूज्य कार्यकारी अध्यक्ष स्वामी श्री अनिल आनंदजी महाराज के मार्गदर्शन में अखिल भारतीय संत समिति द्वारा महामंडलेश्वर श्री राधे राधे बाबा (संयुक्त राष्ट्रीय महामंत्री) की घोषणा अनुसार अधिवक्ता तनुज दीक्षित को मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ का विधिक सलाहकार नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्र, धर्म और गौरक्षा जैसे मूल उद्देश्यों को सुदृढ़ करने के लिए की गई है।

गौरतलब है कि अखिल भारतीय संत समिति देश की एक प्रभावशाली और प्रतिष्ठित समिति है, जिसमें भारतवर्ष के सभी प्रमुख अखाड़े सम्मिलित हैं। यह समिति संत परंपरा, सनातन संस्कृति, गौ-संवर्धन एवं गंगा संरक्षण जैसे मुद्दों पर देशव्यापी कार्य करती है। तनुज दीक्षित एक प्रखर अधिवक्ता हैं, जो वर्षों से धर्म एवं संस्कृति से जुड़े विभिन्न विषयों पर कानूनी परामर्श देते आ रहे हैं। अब वे मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्यों में समिति की ओर से राष्ट्रहित, धर्म-संरक्षण एवं गौ-गंगा रक्षा हेतु कानूनी सहायता प्रदान करेंगे। यह नियुक्ति संत परंपरा और कानून के मध्य सेतु बनकर धर्म की रक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण प्रयास मानी जा रही है।

## संकल्प पूरा कर रहे राठौर

इन्दौर। नगर निगम इन्दौर मे जन कार्य प्रभारी राजेन्द्र राठौर शहर मे हरियाली का संकल्प पूरा कर रहे हैं। वे नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की पहल स्वच्छता के साथ साथ इन्दौर को हरियाली मे नं 1 बनाने मे अपनी भूमिका निभा रहे हैं। पिछले वर्ष उज्जैन रोड स्थित रेवती रेंज पर 12लाख से अधिक वृक्षो को लगाकर लगातार उनकी देखरेख का व इस वर्ष 50लाख वृक्ष लगाकर एक नया कीर्तिमान शहर मे स्थापित कर रहे है साथ ही विजयवर्गीय जी के निर्देश अनुसार नेहरू पार्क का सौन्दर्यीकरण व 5 हजार वृक्ष वहा लगाये जा रहे है पर्यावरण की इस पहल से शहर आबो हवा मे बदलाव के साथ साथ सौन्दर्यीकरण को भी बढ़ावा मिलेगा।



## पूर्व न्यायाधीश सत्येन्द्र जोशी अध्यक्ष मनोनीत

इंदौर। पूर्व न्यायाधीश सत्येन्द्र जोशी को नगरीय प्रशासन विभाग के अन्तर्गत आने वाले मध्यप्रदेश पथ विक्रेता स्ट्रीट वैनडरस के शिकायतों के निवारण की समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह आदेश राज्य सरकार द्वारा पारित किया है। जोशी पूर्व में उपभोक्ता फोरम के मुख्य अधिकारी भी रहे हैं।



## पीपलेश्वर महादेव मंदिर पर महाआरती



इंदौर। स्कीम नंबर 78 स्थित पीपलेश्वर महादेव मंदिर में कल भोले का आकर्षक शृंगार किया गया। इस दौरान भगवान की महाआरती की गई। इस दौरान पं. मनोज पाठक सहित क्षेत्र के श्रद्धालु महिला-पुरुष मौजूद रहे।

## रेलवे पुलिस इंदौर के दो एथलीटों ने लहराया परचम

इंदौर। श्रीलंका के शहर डियोगामा में वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीआरपी इंदौर के सुरेन्द्र सिंह राठौर (60 वर्ष) आयु वर्ग में गोलाफेंक में 11.97 मीटर, चक्का फेंक में 36.99 मीटर एवं वारगोला फेंक 27.65 मीटर दूरी तक फेंककर स्वर्ण पदक प्राप्त किये। अनोखी लाल वर्मा ने 55 वर्ष आयु वर्ग में 800,1500 एवं 3000 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक जीते। पुलिस अधीक्षक रेल इन्दौर संतोष कोरी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा पाठक सोनी, उप पुलिस अधीक्षक ज्योति शर्मा, राजेंद्र बड़ौरे, कैलाश यादव, विजय जाट ने दोनों खिलाड़ियों को स्वर्णिम उपलब्धि पर बधाई दी और भविष्य में और बेहतर करने के लिए शुभकामनाएं दीं। इसके पूर्व भी यह दोनों खिलाड़ी उम्दा प्रदर्शन कर चुके हैं।



## अग्रवाल-वैश्य प्रत्याशियों के लिए निशुल्क बायोडेटा सम्मेलन की योजना को मिल रहा रिस्पॉन्स

गुड इवनिंग, इंदौर

श्री अग्रसेन महासभा द्वारा अग्रवाल एवं वैश्य समाज के विवाह योग युवक-युवतियों के लिए वैवाहिक रिश्ते तय कराने के उद्देश्य से यशवंत निवास रोड स्थित महासभा के ओएशिस ट्रेड सेंटर स्थित कार्यालय पर प्रति रविवार आयोजित किए जाने वाले साप्ताहिक बायोडेटा सम्मेलन को जबर्दस्त प्रतिसाद मिल रहा है। प्रमुख संयोजक मोहनलाल बंसल और उनकी टीम के सदस्य पिछले 15 वर्षों से लगातार यह बायोडेटा सम्मेलन कर रहे हैं, जिसमें अविवाहित युवक-युवतियों के साथ ही विधवा, विधुर एवं तलाकशुदा प्रत्याशियों के लिए जीवन साथी के चयन में मदद की जा रही है।

महासभा के अध्यक्ष कैलाश नारायण बंसल, मंत्री राजेश मित्तल चौधरी एवं अरुण आष्टावाला ने बताया कि साप्ताहिक बायोडेटा सम्मेलन की लोकप्रियता अब शहर की सीमा लांघकर मध्यप्रदेश के अन्य शहरों, छग, महाराष्ट्र, राजस्थान के शहरों तक जा पहुंची है। प्रत्येक रविवार को यहां वातानुकूलित सभागृह में कुंडली मिलान, मेहमानों के लिए स्वल्पाहार सहित सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध रहने से यह आयोजन दिनों दिन लोकप्रिय होता जा रहा है।

# 20 जुलाई को निकलेगी जय महेश कावड़ यात्रा, इस बार की कमान मातृशक्ति को

गुड इवनिंग, इंदौर

संस्था माहेश्वरी कुटुम्ब की मेजबानी में रविवार, 20 जुलाई को सुबह 8 बजे से गुमाश्ता नगर स्थित मुकुट मांगलिक भवन से निकलने वाली जय महेश कावड़ यात्रा में इस बार अनेक नए आकर्षण शामिल रहेंगे। यात्रा की तैयारियों के लिए स्कीम 71 स्थित सुरूचि गार्डन पर आयोजित बैठक में संस्था के प्रमुख शारद प्रकाश अजमेरा की अध्यक्षता में निर्णय लिया गया है कि यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं को बिल्व पत्र एवं तुलसी के पौधे भेंट किए जाएंगे और आगामी वषार्काल में अपने घर-आंगन, बालकनी अथवा उपयुक्त स्थान पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएंगे तथा उसकी देखभाल भी करेंगे। कावड़ यात्रा की कमान पूरी तरह मात्र शक्ति संभालेंगी।



जय महेश कावड़ यात्रा की तैयारियों के लिए आयोजन इस बैठक में राम तोतला, संजय काबरा, मकेश शारडा, संतोष साबू, देवेन्द्र ईनानी, श्याम भांगड़िया, ब्रजकिशोर बांगड़, कैलाश जाजू, गोविंद बियाणी एवं अनिल काकाणी ने भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए और यह भी तय किया गया कि इस बार कावड़ यात्रा की कमान पूरी तरह मात्र शक्ति संभालेंगी। बैठक में गीता माहेश्वरी, रेखा काकाणी, किरण छापरवाल, मनीषा डागा, डॉ. दीप्ति माहेश्वरी, भावना बाहेती सहित 100 से अधिक महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और कावड यात्रा को हरसंभव अनुशासित और सार्थक बनाने का संकल्प व्यक्त किया। कावड़ यात्रा के समापन पर सभी श्रद्धालुओं को बिल्वपत्र एवं तुलसी के पौधे भी भेंट किए जाएंगे, ताकि वे अपने-अपने घर-आंगन में उनका रोपण कर सकें। इसी तरह यात्रा के समापन पर शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने में सहयोग करने, लव जिहाद के खिलाफ समाज में जागरुकता फैलाने और वषार्काल में अपने घर आंगन और बालकनी अथवा अन्य उपयुक्त स्थान पर एक-एक पौधारोपने का संकल्प भी लिया गया। कावड़ यात्रा की तैयारियों के लिए प्रतिदिन आयोजन समिति की बैठकों का दौर जारी है।





## कलेक्टोरेट चौराहे की सड़क पर भरा पानी, निगम की तैयारियों की खुली पोल

इंदौर। शहर में कल दोपहर हुई थोड़ी सी बारिश ने नगर निगम की जल निकासी व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। बारिश में कलेक्टोरेट चौराहा कुछ ही देर में पूरी तरह जलमग्न हो गया। सड़क पर भरे पानी ने नगर निगम की बारिश पूर्व की तैयारियों और अधिकारियों के दावों की पोल खोलकर रख दी। सड़क पर भरे पानी से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ऐसे में तेज बारिश में हालात क्या होंगे, यह आसानी से समझा जा सकता है।

# खाने-पीने की चीजें खुले में रखकर बेची तो होगी कार्रवाई

## संभागायुक्त ने दिखाई सख्ती, छात्रावास और आश्रमों में फूड पॉयजनिंग रोकने के लिए बनाई जाएगी टीम

गुड इवनिंग, इंदौर

संभागायुक्त की अध्यक्षता में खाद्य पदार्थों में मिलावट को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग और खाद्य विभाग के कई अधिकारी मौजूद थे।

संभागायुक्त दीपक सिंह ने खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कहा कि जो खाद्य प्रतिष्ठान विशेषकर खाद्य पदार्थों का निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय करने वाले खुले में खाद्य पदार्थों की ब्रिकी करें तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ अर्थदंड की कार्रवाई के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाए और उनकी शत-प्रतिशत वसूली भी की जाए। साथ ही बारिश के मौसम के दौरान फल, फ्रूट, ढाबों, रेस्ट्रोरेंट, ठेलों आदि का सतत निरीक्षण कर सैम्पल लिए जाए। बैठक में संभागायुक्त सिंह ने कहा कि आने वाले त्यौहारी सीजन में नकली मावा



और मिलावटी खाद्य पदार्थों के कई प्रकरण देखने को मिलते है। अतः खाद्य सुरक्षा अधिकारी बाजारों में जाकर खाद्य पदार्थों के सैम्पल ले और चलित खाद्य प्रयोगशाला में जांच करवाए। यदि वे अमानक या मिलावटी पाए जाते है, तो ऐसे निमार्ता प्रतिष्ठानों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

संभागायुक्त सिंह ने सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और खाद्य सुरक्षा अधिकारियों से कहा कि फूड पायजनिंग के मामले छात्रावासों और आश्रमों में ना आएं। इसके लिए जरूरी है कि जनजाति कार्य विभाग से सूची बनाकर विशेष रूप से इनकी निगरानी करें। इस कार्य को सभी अधिकारी गंभीरता से लें और मिशन मोड़ में कार्य करें और आवश्यकता होने पर कार्यवाही भी करें। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष स्वामी ने बताया कि इंदौर जिला खाद्य सुरक्षा और शुद्धता के क्षेत्र में भी देश में एक उदाहरण बन गया है। ईट राइट चैंलेज प्रतियोगिता-4 में इंदौर को गत वर्ष पहला स्थान मिला था। इस बार भी इंदौर का दावा मजबूत है।

संभागायुक्त सिंह ने कहा कि खाद्य सुरक्षा और शुद्धता में जब सभी पैरामीटर में इंदौर अव्वल नम्बर पर है तो उसे इस वर्ष भी प्रथम स्थान मिले, इसके लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन को लगातार प्रयास जारी रखना चाहिए। बैठक में बताया गया कि इंदौर जिले में जो खाद्य निमार्ता प्रतिष्ठान या विक्रय करने वाले प्रतिष्ठान मिलावटी खाद्य पदार्थों का विक्रय कर रहे है, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई के तहत उनके प्रतिष्ठानों के लायसेंस रद्द किए गऐ, साथ ही अर्थदंड भी वसूला गया। इसके अलावा बड़ी मात्रा में मिलावटी खाद्य पदार्थ भी जब्त किया गया।

# मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए व्यवस्थाएं और उपाय करें अधिकारी

## संभागायुक्त ने ली स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक, दिए निर्देश

गुड इवनिंग, इंदौर

संभागायुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए है कि मानसून के सीजन में विभिन्न बीमारियों से बचाव और उनकी रोकथाम के लिए कार्ययोजना बनाकर तय समयसीमा में कार्य करे। इस मौसम में जलजनित बीमारी डायरिया, डिसेंटरी, कॉलरा, उल्टी-दस्त, टायफाइड, वोमेटिंग डायरिया, मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनियां आदि के मरीज बढ़ने की संभावना अधिक रहती है।

संभागायुक्त दीपक सिंह ने विभिन्न बिमारियों से बचाव एवं रोकथाम के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं एवं उपाय करने का कहा है, जिलास्तर एवं ब्लॉक स्तरीय कॉम्बेट टीम को सक्रिय किया जाए। जलजनित एवं वैक्टरजनित बीमारियों के लक्षण वाले मरीजों की जानकारी प्रतिदिन ली जाए। जिला स्तर पर सीएचसी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र एवं ग्राम आरोग्य केन्द्र तक आवश्यक दवाओं की उपलब्धता की



जाए। पीने के पानी के जल स्त्रोतों जैसे -पानी की टंकी, नल, हैण्डपंप, कुएं आदि के पानी को उपयोग करने से पूर्व उसमें ब्लीचिंग पाउडर या क्लोरीन की गोलिया डालकर शुद्धिकरण किया जाए। पीने के पानी को उबालकर ठंडा करके उपयोग किया जाए। संभागायुक्त सिंह बुधवार को मौसमी बीमारियों के रोकथाम के संबंध में संभागीय बैठक की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास डी.एस.रणदा, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. शॉजी जोसेफ, उप संचालक डॉ. सोनिया शिल्पा लाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हसानी, कीट विज्ञानी सी.एस. शर्मा सहित सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में संभागायुक्त सिंह ने कहा कि मलेरिया के रोकथाम के लिए प्रत्येक जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र एवं ग्राम आरोग्य केन्द्र में प्रत्येक रोगी की मलेरिया जांच अनिवार्य की जाए। डेंगू, चिकनगुनिया बीमारियों के बचाव के लिए ग्रामीण क्षेत्र में प्रति सप्ताह लार्वा सर्वे एवं विनष्टीकरण का कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से करवाया जाए।

## इंदौर जिले में शुरू हुआ 11वां ग्रिड

इंदौर। शासन की महत्वपूर्ण योजना आरडीएसएस के तहत इंदौर जिले का ग्यारहवां 33/11 केवी का ग्रिड प्रोटोकॉल के साथ ऊजीकृत कर दिया गया है। सिरपुर धार रोड में तैयार इस ग्रिड से हजारों उपभोक्ताओं को पहले से ज्यादा गुणवत्ता के साथ बिजली मिलेगी। जिले में आरडीएएस के तहत 5 एमवीए क्षमता के कुल 11 ग्रिड तैयार हो चुके हैं। देश में आरडीएसएस के तहत पहला ग्रिड इंदौर जिले के ईमलीखेड़ा अरविंदो अस्पताल के पास तैयार हुआ था। इंदौर जिला सीमा में ढाई सौ से ज्यादा 33/11 केवी ग्रिडों से वर्तमान में बिजली वितरण हो रहा हैं। इंदौर शहर में ग्रिडों की संख्या 138 हो गई हैं।

## शिविर में 70 से अधिक कर्मचारियों के हुए आधार पंजीयन



इंदौर। जिला न्यायालय में आयोजित दो दिवसीय आधार शिविर में न्यायालय व तहसील कार्यालयों के अधिकारियों-कर्मचारियों के 70 से अधिक आधार पंजीयन किए गए। शिविर का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय श्रीवास्तव एवं कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशानुसार जिला ई-गवर्नेस सोसायटी द्वारा यह कार्य किया गया। ई-गवर्नेस प्रबंधक अतुल दुबे ने इसे डिजिटल इंडिया की दिशा में अहम पहल बताया।




# उद्योगपतियों ने जाने डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़ने के फायदे

## उद्योगों के विस्तार एवं कार्य प्रणाली में सुधार के लिए हुई कार्यशाला



गुड इवनिंग, इंदौर

इंदौर में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग द्वारा उद्योगों के विस्तार एवं कार्य पद्धति में सुधार को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राइजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस योजना के तहत लघु उद्योग भारती के सहयोग से वल्लभ नगर स्थित एक रेस्टोरेंट में हुआ।

कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम विभाग के संयुक्त निदेशक एस.एस. मंडलोई और जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक स्वप्निल गर्ग मौजूद रहे। इनके साथ लघु उद्योग भारती के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष महेश गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिवनारायण शर्मा, विनीत जैन, एवं मालवांचल क्षेत्र के उपाध्यक्ष कन्हैयालाल खत्री सहित लघु उद्योग भारती से जुड़े उद्यमी, पदाधिकारी एवं महिला प्रतिनिधि मौजूद थे। इस कार्यशाला में उद्योग जगत को सरकारी योजनाओं और डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़ने के



लाभों के बारे में विभिन्न जानकारी दी गई। हेमंत झा ने सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया और उसके व्यावसायिक लाभों पर प्रकाश डाला। शुभम सरवर ने योजना के तहत उद्योगों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी साझा की। वहीं मुजम्मिल कुरैशी ने पोर्टल के उपयोग, उत्पाद पंजीकरण प्रक्रिया और सरकारी टेंडर में भागीदारी से जुड़े विषयों को विस्तार से समझाया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष महेश गुप्ता ने लघु उद्योग भारती द्वारा उद्योगों के हित में किए गए नीतिगत प्रयासों की जानकारी दी और आने वाले समय में सरकार के साथ समन्वय के विभिन्न पहलुओं को साझा किया।

## शहर के किन्नर के मामले मानव अधिकार आयोग ने मांगा जवाब

इंदौर। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष ने प्रथम दृष्टया मानव अधिकार उल्लंघन के 10 मामलों में संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा है। इसमें एक मामला इंदौर का भी है। इंदौर के नंदलालपुरा क्षेत्र के किन्नरों को मालेगांव से आए दूसरे किन्नर दल द्वारा एचआईवी संक्रमित करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार मालेगांव से आए दूसरे दल के किन्नर नंदलालपुरा क्षेत्र के किन्नर दल के सदस्यों पर धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहे है और उनकी बात ना मानने पर वे इंजेक्शन लगाकर उन्हें एचआईवी संक्रमित कर रहे है। बताते है कि वह लोग अब तक 60 से ज्यादा लोगों को संक्रमित कर चुके है। मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने कलेक्टर एवं आयुक्त, पुलिस इंदौर से घटना की जांच करवाकर आवश्यक कार्यवाही का एक माह में प्रतिवेदन मांगा है। इसी तरह दूसरा मामला भोपाल का है। शहर के महाराणा प्रताप नगर के जोन-2 में स्थित एक कोचिंग संस्थान के सामने एक ट्रांसफॉर्मर के नीचे ही लोगों द्वारा दुकान लगाने और संचालित किए जाने का मामला सामने आया है। ट्रांसफॉर्मर के नीचे लगने वाली दुकानों में बारिश के दौरान शार्ट सर्किट होने का खतरा बना हुआ है। जिससे वहां आने वाले लोगों की जान को खतरा हो सकता है।

# देश के सबसे साफ शहरों में भोपाल को मिला दूसरा स्थान

## स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 में बढ़ा आगे, एक साल में 3 पायदान छलांग लगाई

गुड इवनिंग, भोपाल

स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 में भोपाल देश के सबसे साफ शहरों में टॉप-3 पर है। निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने बताया, भोपाल ने 3 पायदान छलांग लगाई है और देश में दूसरी रैंकिंग मिली है। गुरुवार को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू पुरस्कार देगी। 6 साल बाद भोपाल दूसरे नंबर पर आएगा। इसलिए जश्न भी भव्य तरीके से करेंगे। स्वच्छता मित्रों और जनता के साथ जश्न मनाएंगे। लड्डू भी बांटे जाएंगे।





गुरुवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में स्वच्छता कार्यक्रम होगा। इसमें राष्ट्रपति मुर्मू शामिल होंगी। पुरस्कार लेने के लिए एक दिन पहले बुधवार को ही मेयर मालती राय और निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण दिल्ली पहुंच गए। वहीं, एक टीम भी पहुंची है।

**पिछली बार पांचवें नंबर पर था भोपाल-** पिछले सर्वे में भोपाल 5वें नंबर पर था। कचरे की प्रोसेसिंग में सुधार और डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था को और पुख्ता कर भोपाल ने दावा मजबूत किया है। वहीं, फरवरी में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) की वजह से भी भोपाल को फायदा मिलेगा। जीआईएस के चलते राजधानी में 100 करोड़ रुपए से ज्यादा के काम शहर में हुए हैं। इसमें स्वच्छता से जुड़े काम भी शामिल थे। इसी दौरान स्वच्छता सर्वेक्षण टीमें भी भोपाल पहुंची थी।

### स्वच्छ सर्वेक्षण में भोपाल का अब तक का सफर

- स्वच्छ सर्वेक्षण में भोपाल ने 2017 और 2018 में लगातार दो साल देश में दूसरी रैंक हासिल की थी।
- 2019 में भोपाल खिसककर 19वें नंबर पर आ गया। उस समय अफसरों के लगातार तबादले के कारण तैयारियों की दिशा ही तय नहीं हो पाई थी।
- 2020 में कम बैक करते हुए 12 पायदान ऊपर खिसका और 7वीं रैंक हासिल की।
- 2021 के सर्वेक्षण में भी भोपाल ने 7वां स्थान हासिल किया था।
- 2022 के सर्वेक्षण में भोपाल की रैंक सुधरी और यह छठवें स्थान पर आ गया। वहीं, भोपाल को 5 स्टार मिले थे।
- 2023 के सर्वेक्षण में पांचवीं रैंकिंग रही थी।
- उम्मीद यह थी कि इस बार भी स्वच्छ सर्वेक्षण में मध्यप्रदेश के शहर बाजी मारेंगे। राजधानी भोपाल देश के सबसे स्वच्छ शहरों में दूसरे नंबर पर रहेगा। साथ ही सबसे स्वच्छ राजधानी का तमगा भी फिर मिलने की उम्मीद है।

# मुरम से भरे 9 डंपर, 1 पोकलेन जब्त

## ईंटखेड़ी में खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई, जिपं की बैठक में उठा था मुद्दा

गुड इवनिंग, भोपाल

बैरसिया रोड स्थित ईटखेड़ी में खनिज विभाग ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की। यहां से गुजर रहे 9 डंपर जब्त किए गए। इनमें कोपरा मुरम भरी हुई थी। एक पोकलेन मशीन भी पकड़ी। जिन्हें ईंटखेड़ी पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया। कइयों ने रास्ते ही बदल लिए। खनिज विभाग का अमला सुबह से शाम तक कार्रवाई में जुटा रहा। खनिज अधिकारी अशोक नागले ने बताया कि डंपर के साथ एक पोकलेन मशीन भी जब्त की गई है। कार्रवाई जारी है।



पिछले एक सप्ताह से अवैध खनन का मुद्दा उठ रहा है। भोपाल जिला पंचायत में 11 जुलाई को साधारण सभा की मीटिंग में भी यह मामला जनप्रतिनिधियों ने उठाया था। उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट, सदस्य विनय मेहर आदि ने खनिज खदानों के आसपास तार फेंसिंग नहीं होने और अवैध खनन का मुद्दा उठाया था। उपाध्यक्ष जाट खनिज विभाग के अफसरों पर जमकर भड़के थे। उन्होंने कहा था कि सरकार पौधे रोप रही है। अभियान चला रही है। हमने भी जंगल और गांवों में पौधे रोपे, लेकिन खनिज खदानों के आसपास से इन्हीं पौधों को उखाड़ दिया गया। मेरे पास इसके सबूत हैं। यदि मैं गलत हूं तो इस्तीफा दे दूंगा।

उन्होंने कहा था कि जिले में बड़े पैमाने पर अवैध खनन हो रहा है। जिम्मेदार अफसरों का इस ओर ध्यान नहीं है। हमने जहां पर पौधे रोपे, उन्हें ही खनिज खदान संचालकों ने जेसीबी से उखड़वाकर फेंक दिया, जबकि खदान की निश्चित सीमा होती है और तार फेंसिंग कराना पड़ती है। पूरे जिले में नियम से ज्यादा खनन हो रहा है। इसमें जिम्मेदार भी शामिल हैं। इसके बाद कलेक्टर ने खदानों के आसपास तार फेंसिंग कराने को कहा है।

**कलेक्टर ने बैठक लेकर दिए थे निर्देश-** सोमवार को इसी मामले में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने खनिज विभाग के अफसरों से कार्रवाई करने को कहा था। उन्होंने सभी खदानों पर तार फेंसिंग करने के निर्देश दिए थे। जिपं उपाध्यक्ष जाट ने बताया कि जिले में बड़े पैमाने पर अवैध खनन किया जा रहा है। बैरसिया इलाके में खनन माफिया ज्यादा सक्रिय है।

# युवक ने की कांस्टेबल की पिटाई, वीडियो वायरल

## युवक बोला-पत्नी को भड़काकर अलग कर दिया, दोनों के बीच अवैध संबंध

गुड इवनिंग, भोपाल

कोलार थाने में पदस्थ कॉन्स्टेबल गिरिराज सिंह की एक व्यक्ति ने पिटाई कर दी। आरक्षक का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें वह टॉवल में खड़े युवक से बहस कर रहा है। उस व्यक्ति का आरोप है कि आरक्षक ने भड़काकर उसकी पत्नी को उनसे अलग करा दिया है।

दोनों के बीच अवैध संबंध हैं। उसने पिछले महीने आरक्षक के रूम पर दोनों को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा था। इस दौरान गिरिराज ने पहले उन पर हमला किया और मारपीट की थी। उनकी ओर से जब थाने में शिकायत की तो कार्रवाई से इनकार कर दिया गया।

तब पुलिस कमिश्नर कार्यालय में शिकायत की है। अब तक गिरिराज पर कार्रवाई नहीं हुई है, वह उन्हें लगातार धमका रहा है। महिला के पति ने बताया कि उसकी पत्नी बंगलों में काम करती है। इसी के साथ महिला सशक्तिकरण को लेकर किए जाने वाले कार्यक्रमों में शामिल होने अकसर थाने जाती थी।



इसी दौरान गिरिराज ने उनकी पत्नी से नजदीकी बढ़ाई। वह स्वयं ड्राइवर है, ड्यूटी के संबंध में अकसर बाहर जाते है, कई-कई दिन में लौटते हैं। इसी का फायदा उठाकर आरक्षक उनके घर आता-जाता था।

**पीछा कर रूम पर आपत्तिजनक हालत में पकड़ा था-** महिला के पति ने बताया कि 24 जून को उन्होंने पत्नी का पीछा किया। आरक्षक ने एक कॉलेज परिसर में रूम ले रखा है। यहीं उनकी पत्नी आरक्षक से मिलने पहुंची थी। इसी बीच उन्होंने 15 साल के बड़े बेटे को कॉल कर बुला लिया। बेटे से वीडियो बनाने को कहा और कमरे में घुसकर दोनों को आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। इस दौरान आरक्षक ने पहले उनके सीने में मुक्का मारा और मारपीट कर दी। झूमाझटकी के बीच पत्नी मौके से भाग गई। थाने गया तो मेरी नहीं सुनी गई। बाद में मैंने डीजीपी जनसुनवाई, पुलिस कमिश्नर और डीसीपी कार्यालय में शिकायत की है। गिरिराज लगातार मुझे और बेटे को जान से मारने की धमकी दे रहा है।

# हरदा लाठीचार्ज मामले की सीएम ने मांगी रिपोर्ट

**भोपाल।** हरदा में करणी सेना परिवार के प्रदर्शनकारियों पर पुलिस द्वारा राजपूत छात्रावास में घुसकर किए गए लाठीचार्ज पर सीएम ने संज्ञान लिया है। सीएम ने ट्वीट कर लिखा, हरदा छात्रावास प्रकरण का संज्ञान लेकर मैंने जिला प्रशासन से विस्तृत जांच रिपोर्ट तलब की है। हमारी सरकार के लिए सामाजिक न्याय और परस्पर सद्भाव सर्वोच्चय प्राथमिकता है। मप्र में सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की किसी को अनुमति नहीं दी जाएगी। करणी सेना परिवार के अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जांच रिपोर्ट मांगने वाली पोस्ट शेयर की है। इसमें उन्होंने लिखा है कि धन्यवाद देता हूं कि आपने हरदा छात्रावास प्रकरण पर संज्ञान लिया। यह आपके संवेदनशील नेतृत्व का संकेत है, परंतु मैं विनम्रतापूर्वक यह कहना चाहता हूं कि केवल जांच रिपोर्ट तलब करना पर्याप्त नहीं है। हरदा की सड़कों से लेकर छात्रावास तक निर्दोष युवाओं और आम लोगों को बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज का शिकार बनाया गया।

# एएसआई पर रिश्वत मांगने का आरोप

## रिटायर्ड फौजी बोले मेरा ही पैसा लौटाने के बदले मांगे 10 हजार

गुड इवनिंग, ग्वालियर

एक रिटायर्ड फौजी ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाया है। भिंड जिले के रहने वाले पूर्व सैनिक मुन्नालाल ज्योतिषी ने दावा किया है कि उनका 13 लाख रुपए लौटाने के एवज में बड़ागांव चौकी प्रभारी एएसआई राजकुमार शर्मा ने उनसे 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। उन्होंने इसका एक वीडियो भी बनाया है, जिसमें एएसआई शर्मा कहते हुए नजर आ रहे हैं झ्र ह्ल13 लाख रुपए नहीं देख रहे हो, 10 हजार की चिंता कर रहे हो।

मुन्नालाल ज्योतिषी ने बताया कि उन्होंने दो साल पहले अपनी पत्नी बैजंती के नाम से बब्लू बुंदेला की पत्नी रागिनी से खुरैरी गांव में 2545 वर्गफीट का प्लॉट 13 लाख 90 हजार रुपए में खरीदा था। लेकिन बाद में पता चला कि जो प्लॉट उन्हें दिखाया गया था, उसकी बजाय किसी अन्य (रेंच वाले) प्लॉट की रजिस्ट्री कर दी गई।

फौजी ने इस गड़बड़ी की शिकायत ग्वालियर एसपी कार्यालय में की। इसके बाद आरोपी बब्लू बुंदेला ने तत्काल 1 लाख रुपए लौटा दिए और शेष 12 लाख 50 हजार रुपए का चेक देने का वादा किया। इस पूरे मामले की जांच एएसआई राजकुमार शर्मा को सौंपी गई।

### आरोप- चेक लिया पर वापस नहीं किया, रिश्वत मांगी

फौजी का आरोप है कि एएसआई शर्मा ने आरोपी से चेक तो ले लिया, लेकिन अब वह चेक उन्हें नहीं सौंप रहे। इसके बजाय, चेक देने के बदले 10 हजार रुपए रिश्वत की मांग की जा रही है। इस दौरान 15 जून को फौजी ने बातचीत का एक वीडियो भी रिकॉर्ड कर लिया, जिसमें एएसआई रिश्वत की मांग करते हुए नजर आ रहे हैं। मामले को लेकर एडिशनल एसपी कृष्णा लालचंदानी ने बताया कि एक भूतपूर्व सैनिक ने शिकायत दी थी कि जमीन सौदे में उसके साथ धोखाधड़ी हुई और समझौते के तहत आरोपी ने उसे एक चेक दिया था। यह चेक फिलहाल चौकी प्रभारी के पास है। उन्होंने कहा, इस पूरे मामले की जांच के लिए मुरार थाना प्रभारी को निर्देश दिए गए हैं।

## नवजात को जेपी-हमीदिया रेफर करने से पहले भेजनी होगी सूचना

# अस्पतालों में रेफर केस का होगा साप्ताहिक ऑडिट

गुड इवनिंग, भोपाल

छोटे अस्पताल अब बिना सूचना के नवजात को बड़े अस्पताल नहीं भेज सकेंगे। अभी स्वास्थ्य केंद्र से लेकर सिविल अस्पताल, ज्यादातर नवजात मरीजों को जेपी अस्पताल या हमीदिया अस्पताल रेफर कर देते थे। अब ऐसा करने पर कार्रवाई होगी। यही नहीं, जरूरतमंद मरीज को यदि रेफर करने में देरी की गई तो भी संबंधित पर एक्शन लिया जाएगा। इसके लिए हर सप्ताह इन अस्पतालों में रेफर केस का ऑडिट किया जाएगा। इसको लेकर उटलड भोपाल डॉ. मनीष शर्मा ने बुधवार को आदेश जारी किए हैं।



सिविल अस्पताल बैरागढ़ स्थित न्यूबॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट का बुधवार को सीएमएचओ भोपाल डॉ. मनीष शर्मा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यूनिट में भर्ती नवजातों के उपचार की स्थिति और डिस्चार्ज हो चुके बच्चों के फॉलोअप की जानकारी ली। चार बिस्तरों वाले इस एनबीएसयू में हर माह 25 से 30 नवजात शिशुओं को विभिन्न चिकित्सकीय जटिलताओं के आधार पर भर्ती किया जाता है।

भोपाल जिले में फिलहाल तीन स्थानों बैरागढ़ व बैरसिया सिविल अस्पताल और एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में न्यूबॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट संचालित हैं। इन यूनिट्स में जन्म के तुरंत बाद गंभीर स्थिति वाले नवजातों को प्राथमिक उपचार और एडमिशन की सुविधा दी जाती है।

### केवल जरूरत पड़ने पर होंगे बच्चे रेफर

निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि केवल जरूरत पड़ने पर ही नवजातों को अन्य उच्च संस्थाओं में रेफर किया जाए। रेफर करने से पहले यह सुनिश्चित किया जाए कि जिस अस्पताल में रेफर किया जा रहा है, वहां के चिकित्सक या स्टाफ से संपर्क कर लिया गया हो। साथ ही, इस निर्णय की जानकारी बच्चे के परिजनों को भी देना अनिवार्य होगा। डॉ. शर्मा ने यह भी निर्देश दिए कि रेफर किए गए बच्चों के स्वास्थ्य का नियमित फॉलोअप किया जाए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि शिशु को समय पर उचित उपचार मिल रहा है। इसके अलावा, जिन बच्चों को रेफर किया गया है, उनके मामलों का ऑडिट अस्पताल स्तर पर प्रत्येक सप्ताह किया जाए। इस प्रक्रिया से रेफरल की गुणवत्ता और आवश्यकता की समीक्षा की जा सकेगी। निरीक्षण के दौरान यह भी निर्देशित किया गया कि रात के समय प्रसव की स्थिति में शिशु रोग विशेषज्ञ की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, जिससे नवजात शिशु को तुरंत जरूरी चिकित्सा सुविधा मिल सके।

# हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस का राजभवन में स्वागत

गुड इवनिंग, भोपाल

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मनोनीत मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा का बुधवार को भोपाल आ गए हैं। न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा का राजभवन आने पर राज्यपाल मंगु भाई पटेल, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव केसी गुप्ता ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल गुरुवार को सुबह 10 बजे राजभवन के सांदीपनि सभागार में न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति पद की शपथ दिलाएंगे।

**सुरेश कैत के रिटायरमेंट के बाद संभालेंगे जिम्मेदारी-** जस्टिस संजीव सचदेवा को 24 मई 2025 को एक्टिंग चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया था। वे तत्कालीन चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत के रिटायरमेंट के बाद से चीफ जस्टिस का दायित्व संभाल रहे हैं। इससे पहले भी वे 9 जुलाई 2024 से 24 सितंबर 2024 तक प्रदेश के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश का दायित्व संभाल चुके हैं। 30 मई 2024 को जस्टिस संजीव सचदेवा का दिल्ली हाईकोर्ट से मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में ट्रांसफर हुआ था। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने मध्यप्रदेश हाइकोर्ट को एक और जज दिया है। जस्टिस विवेक कुमार सिंह की मध्यप्रदेश में नियुक्ति की गई है। वे अभी मद्रास हाईकोर्ट में हैं, जिनका ट्रांसफर जबलपुर किया गया है। अब मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में जजों की संख्या बढ़कर 34 हो गई हैं।

## अतिथि शिक्षकों की सुनवाई नहीं, कई जिलों के मामले लंबित

# एमपी में समाधान के बजाय टालमटोल का आरोप

गुड इवनिंग, भोपाल

**मध्यप्रदेश में शासकीय स्कूलों में वर्षों से सेवा दे रहे अतिथि शिक्षक इन दिनों अपनी नियुक्ति, पद अपडेट और पंजीयन जैसी प्रक्रियाओं को लेकर लोक शिक्षण संचालनालय के लगातार चक्कर काट रहे हैं। बावजूद इसके उनकी समस्याओं का कोई स्थायी समाधान नहीं मिल पा रहा है।**

अतिथि शिक्षक समन्वय समिति के अनुसार, समस्याएं सुनने और सुलझाने की बजाय डीपीआई के अधिकारी बदसलूकी करते हैं। शिक्षकों से यह तक कह दिया जाता है कि यहां क्यों आए हो, तुम्हारा काम नहीं होगा, घर चले जाओ। आरोप है कि अधिकारी उनकी समस्याओं को हल करने के बजाय उन्हें टालते हैं और कभी-कभी कोर्ट जाने की सलाह भी देते हैं।



### अलग-अलग जिलों से आए शिक्षक

- रीवा से आईं अतिथि शिक्षक अनीता सोनी का कहना है कि पिछले 10 दिनों से पद अपडेट कराने के लिए भोपाल आ-जा रही हूं। 12 वर्षों से कार्यरत हूं।
- मऊगंज की निर्मला देवी 2 जुलाई से डीपीआई के चक्कर लगा रही हैं, लेकिन अब तक उनका काम नहीं हुआ है।
- मऊगंज से फूलकली साकेत 28 जून से रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी कराने के लिए संघर्ष कर रही हैं। वे कहती हैं कि यदि रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ तो 15 सालों की सेवा पर पानी फिर जाएगा।
- सीहोर से आए शिक्षक चंदर सिंह रीजनिंग की त्रुटि को सुधारने के लिए 15 दिन से भटक रहे हैं।

### प्रशासनिक असंवेदनशीलता का आरोप

शिक्षकों का कहना है कि जब कोई स्थायी समाधान नहीं निकलता है तो अधिकारी उन्हें कोर्ट का रास्ता अपनाने की सलाह देते हैं। इससे उनकी मानसिक स्थिति पर असर हो रहा है। वहीं दूसरी ओर, ई-अटेंडेंस को अनिवार्य कर दिया गया है, लेकिन मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा।

# भक्तों ने दूध, बेलपत्र और धतूरे चढ़ाकर किया भोले का अभिषेक

गुड इवनिंग, बाग

सावन के पहले सोमवार को बाग अलग-अलग स्थानों पर श्रृंगार दर्शन करने की अलग-अलग श्रृंगार दर्शन करने की श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिरों में पहुची।

शिव उपासना के लिए सावन सोमवार के दिन भक्तों ने शिवमय हो कर धर्मलाभ लिया। सावन माह की पहली शाही सवारी धूमधाम से निकली। नृसिंह मंदिर से प्रारंभ होते हुए भगवान की सवारी बाघनी नदी किनारे जबरेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। यहां भगवान भोलेनाथ की यजमान धर्मेंद्र भावसर ने पुजन किया व आरती उतारी गई। भगवान जबरेश्वर का आकर्षक श्रृंगार किया गया।

प्रथम सोमवार को नगर के शिवालयों पर भक्तों की प्रभु दर्शन हेतु भीड़ रही। सभी मंदिरों पर आकर्षक साज. सज्जा की गई। वही सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में ,राजा बोडाना,रश्मि बोडाना द्वारा भगवान शिव का उज्मजैन के महाकाल का मनमोहक श्रृंगार किया गया। यजमान तुषार गोरना ने शिव पुजन कर आरती उतार कर महा प्रसादी वितरण की।सिद्धेश्वर महादेव के दर्शन हेतु रात तक मंदिर में दर्शन का दौर चलता रहा।





ग्राम कांजीपुरा में सड़क निर्माण की मांग को लेकर स्कूली बच्चों और ग्रामीणों ने किया धरना-प्रदर्शन

# रोड बनवा दो कलेक्टर साहब! हमें स्कूल जाना है

गुड इवनिंग, खातेगांव

*जिन बच्चों को स्कूल में पढ़ाई करना चाहिए वे बच्चे आज स्कूल पहुंच मार्ग निर्माण की मांग को लेकर बीते दो दिनो से धरने पर बैठे हैं। उन्होंने कलेक्टर साहब से गुहार लगाई है कि रोड़ बनवा दो कलेक्टर साहब हमें स्कूल जाना है,। लेकिन उन बच्चों की भी कोई भी सुध नहीं ले रहा है।*



दरअसल देवास जिला मुख्यालय से 140 किलोमीटर दूर खातेगांव विकासखंड के आने वाले ग्राम कांजीपुरा में बिलोदा मार्ग पर खेर कोठड़ा गांव में एक प्राथमिक विद्यालय बना हुआ है, जिसमें छोटे छोटे बच्चे स्कूल आना जाना करते हैं। बरसात में बिलोदा मार्ग पर कीचड़ होने से स्कूली बच्चों एवं रहवासियों को निकलना मुश्किल हो गया है। ऐसे में न तो बच्चे स्कूल जा पा रहे हैं और न ही ग्रामीण निकल पा रहे हैं। ग्रामीण खराब सड़क व्यवस्था और लंबे समय से सड़क निर्माण की अनदेखी को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। पूर्व जनपद पंचायत सदस्य नूर मोहम्मद ने बताया कि वे कच्चे कीचड़भरे मार्ग से जूझ रहे हैं, स्कूल जाने वाले बच्चों के साथ रहवासियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन अब तक न तो पंचायत और न ही जिला प्रशासन ने इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाया है। खराब सड़कों के कारण बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो गया है, वहीं मरीजों को अस्पताल ले जाना भी एक बड़ी चुनौती बन चुका है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है जब कीचड़ और पानी से रास्ता पूरी तरह से खराब हो जाता है।




## ग्रामीण बोले- अफसरों से मिला सिर्फ आश्वासन

हमने कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से गुहार लगाई है, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला है। अब हम सड़क बनवाकर ही रहेंगे। ग्रामवासियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया गया, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे।

धरना स्थल पर बड़ी संख्या में बच्चे, बुजुर्ग और युवा एकत्र हुए। उन्होंने रोड़ निर्माण की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए, जिला प्रशासन से शीघ्र सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की।

# बूथ लेवल अधिकारियों व सुपरवाईजर्स को दिया प्रशिक्षण



गुड इवनिंग, खंडवा

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार निर्वाचन नामावलियों को त्रुटि रहित बनाने के लिए बूथ लेवल अधिकारियों व बूथ लेवल सुपरवाईजर्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को मांधाता एवं हरसूद विधानसभा क्षेत्र के कुल 509 बूथ लेवल अधिकारियों एवं 52 बी.एल.ओ. सुपरवाईजर्स को प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि शेष विधानसभा क्षेत्र खंडवा तथा पंधाना के कुल 557 बूथ लेवल अधिकारियों को तथा 56 सुपरवाईजर्स को 16 एवं 17 जुलाई को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण कुल 6 स्थानों पर दिया जाएगा। बूथ लेवल अधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट, प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस एसएन कॉलेज खंडवा, शासकीय शिक्षा महाविद्यालय खंडवा, माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय खंडवा, जनपद पंचायत कार्यालय खंडवा तथा शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज खंडवा में व्यवस्था की गई है।

# केले के पत्ते लपेटकर शिकायत करने पहुंचा जनसुनवाई में

गुड इवनिंग, मंदसौर

मंगलवार को जनसुनवाई में जिला प्रशासन के समक्ष 89 शिकायतें प्रस्तुत हुई इस दौरान लालखेड़ा निवासी एक व्यक्ति शासकीय जमीन पर अतिक्रमण की शिकायत लेकर अपने शरीर पर केले के पत्ते लपेटकर पहुंचा। शिकायतकर्ता का कहना है की सुनवाई नहीं होने से वह दुखी है इसी कारण विरोध स्वरूप केले के पत्ते लपेटकर आया है।

मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान कलक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ,अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन द्वारा सुशासन भवन सभा कक्ष में उन 89 आवेदकों की समस्याएं सुनी। अधिकारियों को जल्दी निराकरण करने के निर्देश दिए इस दौरान जनसुनवाई में लालाखेड़ा (दलोदा) निवासी पन्नालाल सेन केले के पत्तेकर अपने शरीर पर लपेटकर पहुंचा. इस दौरान उसका कहना था कि शासकीय जमीन पर अतिक्रमण की शिकायत के बावजूद वर्षो से कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। शासकीय जमीन घोषित हो गई है, फिर भी भवन बना दिया गया है ,लेकिन यह भवन पंचायत को आवंटित नहीं हुआ है कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि दो-तीन दिन में इस संबंध में कार्रवाई की जाएगी।

# खातेगांव पुलिस के साथ विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली



गुड इवनिंग, खातेगांव

नशा मुक्ति अभियान के तहत खातेगांव पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती सौम्या जैन,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) हरनारायण बाथम एसडीओपी आदित्य तिवारी के नेतृत्व में खातेगांव थाना प्रभारी विक्रांत झंझोट के मार्गदर्शन मे

मध्य प्रदेश पुलिस की ओर से चलाए जा रहे नशे से है दूरी जरूरी अभियान के तहत जागरूक रैली का आयोजन खातेगांव कस्बे मैं किया गया नशा मुक्ति दिवस पखवाड़ा के तहत खातेगांव में शिक्षा विभाग एवं पुलिस विभाग की ओर से प्रारंभ किया गया जिसमें स्कूल के बालक बालिका एवं शिक्षकों तथा स्काउटर ने भाग लिया थाना प्रांगण से जागरूक रैली का शुभारंभ कर नगर के प्रमुख मार्गो से रैली निकाल कर लोगों को नसों की लत से दूर रहने की अपील की एवं नशे से होने वाली दुष्परिणामों के बारे में समझाइए साथ ही एसडीएम प्रवीण प्रजापति ने स्कूली छात्राओं के साथ ग्रामीण जनों को नशा ना करने की शपथ दिलाई आयोजित जागरूक रैली में एसडीएम प्रवीण प्रजापति थाना प्रभारी विक्रांत झंझोट, तहसीलदार अवधेश यादव ,नायब तहसीलदार अभिषेक , बालकृष्ण यादव, मनोज उपाध्याय , गजानंद यादव, सचिन व्यास, मंजूर अहमद, ओर अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

पुलिस के 'नशामुक्ति जागरूकता अभियान' में कलेक्टर ने विद्यार्थियों से की अपील

# तन, मन व धन तीनों के लिए हानिकारक है नशा, इससे दूर रहें

गुड इवनिंग, खंडवा

नशा तन मन और धन तीनों के लिए हानिकारक है, अतः इसे दूर रहें। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि नशीले पदार्थों के साथ-साथ सोशल मीडिया और ऑनलाइन गेमिंग से भी विद्यार्थी दूरी बनाएं, और अपना पूरा ध्यान केवल पढ़ाई पर ही लगाएं।

यह बात कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने होली स्पिरिट स्कूल में मध्य प्रदेश पुलिस के नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारणेकर एवं राजेश रघुवंशी तथा संयुक्त कलेक्टर श्रीमती निकिता मंडलोई सहित अन्य अधिकारी व विद्यार्थीगण मौजूद थे। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर अतिथियों ने किया।






पुलिस अधीक्षक राय ने इस अवसर पर कहा कि नशे के जाल में जो व्यक्ति एक बार फस जाता है, उसका इस दुष्चक्र से निकालना बहुत कठिन होता है, इसलिए नशे के इस दलदल से बचें। उन्होंने कहा कि बहुत से युवा और उनके परिवार इस नशे के कारण बर्बाद हो चुके हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि यदि किसी को ड्रग्स बेचने की कोई सूचना या जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें ताकि संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जा सके।

जिला पंचायत के सीईओ डॉ. गौडा ने भी इस अवसर पर विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने और अपना पूरा ध्यान केवल पढ़ाई पर ही लगाने की समझाइश दी। कार्यक्रम के अंत में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रघुवंशी ने आभार प्रकट किया । कार्यक्रम का संचालन संदीप जोशी ने किया।

### बंगालियों से भेदभाव पर सीएम बनर्जी का पैदल मार्च निकाला

# भाजपा बंगाली बोलने वालों को परेशान कर रही : ममता

एजेंसी, कोलकाता



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को भाजपा शासित राज्यों में बंगाली बोलने वाले लोगों के साथ हो रहे कथित उत्पीड़न के खिलाफ विरोध मार्च निकाला। ममता ने कहा कि बंगालियों के प्रति भाजपा के रवैये से मैं शर्मिंदा और निराश हूं। अब से मैंने तय किया है कि मैं बांग्ला में ज्यादा बोलूंगी। अगर आप मुझे डिटेंशन कैंप में रखना चाहते हैं तो रखें।

यह रैली कोलकाता के कॉलेज स्क्वायर से धर्मतला के दोरीना क्रॉसिंग तक निकाली गई। इसमें अभिषेक बनर्जी समेत पार्टी के कई बड़े नेता इस रैली में शामिल हुए। कोलकाता के अलावा पार्टी ने राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में भी इसी मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया। यह ऐसे समय पर हो रहा है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य के दौरे पर आने वाले हैं।

**ममता बोलीं- अब से ज्यादा से ज्यादा बांग्ला बोलूंगी**-सीएम ममता ने कहा, मैं आपको (बीजेपी) चैलेंज करती हूं कि साबित कीजिए कि बांग्ला बोलने वाले प्रवासी लोग रोहिंग्या मुसलमान हैं। बंगाल के 22 लाख प्रवासी श्रमिक देश के अन्य हिस्सों में काम कर रहे हैं, उनके पास वैध पहचान दस्तावेज हैं।

मैं बंगालियों पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं करूंगी। भाजपा शासित राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों को बांग्लादेशी और विदेशी कहकर प्रताड़ित और जेल और डिटेंशन कैंप में भेजा जा रहा है। क्या बंगाल देश का हिस्सा नहीं है।

**बंगाल के वोटर का नाम काटा जा रहा**-ममता ने कहा, दूसरे राज्यों में बैठकर बंगाल के वोटर का नाम काटा जा रहा है। भाजपा ऐसा कर महाराष्ट्र में चुनाव जीती। अब बिहार में ऐसा कर रही है। उन्होंने चुनाव आयोग पर भाजपा की दलाली करने का आरोप लगाया।

वहीं, सुवेंदु अधिकारी बोले- ये अवैध घुसपैठियों को बचाने की कोशिश है ममता की रैली के बाद भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा, बंगाली अस्मिता की बात सिर्फ अवैध घुसपैठियों को बचाने की कोशिश है। जब हजारों बंगाली शिक्षक सरकारी घोटालों के चलते नौकरी से निकाले गए, तब ममता ने उनकी आवाज क्यों नहीं सुनी?

अधिकारी ने यह भी आरोप लगाया कि ममता बनर्जी खुद बंगाली अफसरों की अनदेखी करती हैं। उन्होंने पूछा कि वरिष्ठ अफसर अत्री भट्टाचार्य और सुब्रत गुप्ता को मुख्य सचिव क्यों नहीं बनाया गया? और क्यों बंगाली आईपीएस संजय मुखोपाध्याय को डीजीपी पद से वंचित कर बाहर के अफसर को नियुक्त किया गया?

## 11 दिन तक बंधक बनाकर 7 लोग करते रहे रेप

### चलती गाड़ी में विवाहिता के साथ दरिंदगी

एजेंसी, जयपुर

राजस्थान के अलवर जिले के बगड़ तिराया थाना क्षेत्र के एक गांव में विवाहिता के साथ गैंगरेप का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता के पति ने इस संबंध में थाने में मामला दर्ज कराया, लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर पीड़िता परिजनों के साथ डीएसपी कार्यालय पहुंची और न्याय की गुहार लगाई।

पीड़िता ने बताया कि 25 अप्रैल 2025 की रात वह शौच के लिए बाहर गई थी, तभी बोलेरो सवार सात लोगों ने उसे जबरन अगवा कर लिया। आरोपियों ने उसे पनियाला रोड के पास ले जाकर बोलेरो में ही उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया गया। महिला का आरोप है कि आरोपी उसे 11 दिन तक बंधक बनाकर लगातार दुष्कर्म करते रहे। इस दौरान उन्होंने अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी भी दी।

**रिपोर्ट लिखाने गए तो पुलिस ने भगा दिया**-11 दिन बाद आरोपी महिला को बेहोशी की हालत में सड़क किनारे फेंक कर फरार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से पीड़िता किसी तरह अपने घर पहुंची और परिजनों को आपबीती सुनाई। आरोपियों की लगातार धमकियों के चलते पीड़िता व उसके परिजन शुरूआत में पुलिस के पास जाने से डरते रहे। जब उन्होंने हिम्मत जुटाकर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की कोशिश की, तो पुलिस ने उन्हें भगा दिया।

इसके बाद पीड़िता ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर 2 जून 2025 को पुलिस ने एफआईआर दर्ज की, लेकिन एफआईआर दर्ज होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़िता व परिजन डीएसपी कार्यालय पहुंचे।

**आरोपी अब भी फरार**-मामले की जांच रामगढ़ के डीएसपी सुनील कुमार शर्मा को सौंपी गई है। एडिशनल एसपी तेजपाल सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले में पीड़िता का मेडिकल परीक्षण और न्यायालय में बयान दर्ज कराए जाएंगे।

## जो व्यक्ति कांग्रेस छोड़कर भाग गया, वह असम का मुख्यमंत्री है

एजेंसी, नई दिल्ली



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा पर कटाक्ष करते हुए दावा किया कि पार्टी ने भाजपा को असम में सरकार बनाने के लिए अपना सदस्य उधार दिया था। खड़गे ने राज्य की एक दिवसीय यात्रा के दौरान पार्टी कार्यकताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा, जो व्यक्ति कांग्रेस छोड़कर भाग गया था, वह अब असम का मुख्यमंत्री है।

शर्मा 2015 में भाजपा में शामिल होने से पहले असम की कांग्रेस सरकार में मंत्री थे। राज्य की मौजूदा भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए खड़गे ने कहा, लोगों से अन्याय करने वालों को जेल भेजा जाएगा। उन्हें अब जेलों की मरम्मत करवानी चाहिए, क्योंकि उन्हें वहीं रहना होगा।

उन्होंने दावा किया कि असम में अवैध प्रवासियों का पता लगाने की आड़ में लोगों को धमकाया जा रहा है और वे अगले साल होने वाले चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार को सबक सिखाएंगे। असम में बेदखली अभियान पर खड़गे ने कहा कि यदि कांग्रेस राज्य में सरकार बनाती है तो वह मकानों का पुनर्निर्माण करेगी और भाजपा सरकार की ऐसी कार्रवाई से प्रभावित लोगों को मुआवजा देगी।

उन्होंने यह दावा भी किया कि भाजपा सरकार असम में कांग्रेस के खिलाफ मतदाता सूची के संशोधन, निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन जैसी रणनीति अपना सकती है। उन्होंने पार्टी सदस्यों से सतर्क रहने और ऐसे प्रयासों को विफल करने का आग्रह किया। खड़गे ने कहा कि यदि कांग्रेस सत्ता में आई तो वह असम में बच्चों के लिए शिक्षा, युवाओं के लिए रोजगार और चाय बागान श्रमिकों के लिए अधिकतम मजदूरी की गारंटी देगी।

## अमेरिका में बारिश से तबाही, पूरी तरह डूब गया न्यूयॉर्क

एजेंसी, न्यूयॉर्क

अमेरिका का न्यूयॉर्क शहर एक बार फिर मूसलाधार बारिश के कारण बाढ़ की मार झेल रहा है। जबरदस्त बारिश से शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा में रहे शहर के मेट्रो स्टेशन, जहां पानी घुसने के वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में साफ दिख रहा है कि 28वीं स्ट्रीट स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर पानी घुस आया।

बाढ़ का पानी इतना ज्यादा था कि मेट्रो के डिब्बों में बैठे यात्री भी परेशान नजर आए। कई यात्रियों ने सीट पर पैर चढ़ा लिए या घुटनों के बल बैठ गए ताकि पैरों को गंदे पानी से बचा सकें।स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश इतनी तेज थी कि कुछ ही घंटों में स्टेशन जलमग्न हो गए। प्लेटफॉर्म पर जमा पानी ट्रेनों के भीतर भी पहुंच गया। न्यूयॉर्क की मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्टेशन अथॉरिटी ने बयान जारी कर कहा कि बाढ़ के कारण कई मेट्रो लाइनों पर सेवाएं देर से चलीं या कुछ रूट्स पर अस्थायी रूप से संचालन रोकना पड़ा।

कई यात्रियों ने शिकायत की कि स्टेशन पर कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं थी। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में यात्री गंदे पानी से बचने के लिए सीटों पर चढ़े हुए दिखे। स्टेशन कर्मचारी लगातार पानी निकालने की कोशिश में लगे रहे, लेकिन बारिश रुकने तक हालात काबू में नहीं आ सके।

## बिजनेस

### संस्थागत निवेशकों को शेयर बेचने की तैयार

# एसबीआई करने जा रहा 25000 करोड़ रु. की डील

एजेंसी, नई दिल्ली




देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), एक बड़ी डील की तैयारी में है। बैंक जल्द ही लगभग 25,000 करोड़ रुपए (करीब 2.9 अरब डॉलर) के शेयर बड़े संस्थागत निवेशकों को बेच सकता है। अगर यह डील तय कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ती है, तो यह भारत के इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी क्वालिफाइड इंस्टिट्यूशनल प्लेसमेंट साबित हो सकती है। एसबीआई ने शायद ही कभी इससे पहले इतनी बड़ी डील की हो।

**अब तक की सबसे बड़ी शेयर बिक्री हो सकती है**-जानकारी के अनुसार, यह डील अगले हफ्ते ही लॉन्च हो सकती है। अगर पूरी तरह से सब्सक्राइब हो गई, तो यह देश में अब तक की सबसे बड़ी होगी। इससे पहले, कोल इंडिया लिमिटेड ने साल 2015 में 22,560 करोड़ रुपए डील के जरिए फंड जुटाया था जो अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है।

एसबीआई के बोर्ड ने इस प्रस्ताव को मई 2025 में मंजूरी दे दी थी। हालांकि, अभी योजना को अंतिम रूप नहीं दिया गया है और इसमें बदलाव की संभावना बनी हुई है। फिलहाल, एइक ने इस मुद्दे पर किसी आधिकारिक बयान से इनकार किया है।

**बैंक की योजना क्या है?**-बैंक इस फंड के जरिए अपने कर्ज देने की क्षमता को बढ़ाना चाहता है। साथ ही, इसकी मदद से बैलेंस शीट को मजबूत किया जाएगा और रिजर्व बैंक सहित अन्य नियामकों की पूंजी से जुड़ी जरूरतें पूरी की जाएंगी। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि एसबीआई 2017 के बाद पहली बार बाजार से इक्विटी के जरिए पूंजी जुटाने जा रहा है। यानी करीब आठ साल बाद बैंक इस तरह की बड़ी डील कर रहा है।

**किन कंपनियों को मिला यह बड़ा मौका?**-ब्लूमबर्ग न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, इस योजना को मैनेज करने के लिए एसबीआई ने छह बड़ी इनवेस्टमेंट बैंकों को नियुक्त किया है। इनमें शामिल हैं- सिटीग्रुप, एचएसबीसी होल्डिंग्स की भारतीय शाखा, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, कोटक इनवेस्टमेंट बैंकिंग, मॉर्गन स्टेनली और एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड।

## एनसीडी के जरिये 1,000 करोड़ जुटाएगी अडानी इंटरप्रइजेस

एजेंसी, मुंबई




अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने 1,000 करोड़ रुपए की दूसरी सार्वजनिक गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) पेशकश की घोषणा की। यह पेशकश 22 जुलाई को बंद होने वाली है, जिसमें जल्दी बंद करने या विस्तार का विकल्प है। निवेशकों को 9.30 प्रश तक वार्षिक रिटर्न की पेशकश की गई है। प्रत्येक एनसीडी का अंकित मूल्य 1,000 रुपए है और न्यूनतम 10 एनसीडी यानी 10,000 रुपए के निवेश की आवश्यकता है।

कंपनी के अनुसार, ये एनसीडी बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध होंगे और इन्हें केयर एए; स्थिर और (आईसीआरए) एए- (स्थिर) रेटिंग प्राप्त है। यह पेशकश समान रेटिंग वाले अन्य एनसीडी और सावधि जमा की तुलना में प्रतिस्पर्धी रिटर्न प्रदान करती है। एईएल की पहली एनसीडी पेशकश (800 करोड़ रुपए) सितंबर 2023 में पहले ही दिन पूरी तरह सब्सक्राइब हो गई थी, जो निवेशकों के भरोसे को दशार्ता है।

**ओवर-सब्सक्रिप्शन (ग्रीन शू ऑप्शन) की सुविधा**-इस पेशकश का आधार आकार 500 करोड़ रुपए है, जिसमें अतिरिक्त 500 करोड़ रुपए तक की ओवर-सब्सक्रिप्शन (ग्रीन शू ऑप्शन) की सुविधा है। प्राप्त राशि का कम से कम 75 प्रश कंपनी के मौजूदा कर्ज के पूर्ण या आंशिक भुगतान में उपयोग होगा, जबकि शेष 25 प्रश सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए होगा. एनसीडी 24, 36 और 60 महीनों की अवधि के साथ त्रैमासिक, वार्षिक और संचयी ब्याज भुगतान विकल्पों में उपलब्ध हैं।

**समावेशी पूंजी बाजार विकास, खुदरा निवेशकों की भागीदारी**-अदाणी समूह के समूह सीएफओ जुगेशिंदर रॉबी सिंह ने कहा कि यह पेशकश समावेशी पूंजी बाजार विकास और खुदरा निवेशकों की भागीदारी को बढ़ावा देती है। एईएल, भारत के सबसे बड़े बिजनेस इनक्यूबेटर के रूप में, हवाई अड्डों, सड़कों, डेटा सेंटरों और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे क्षेत्रों में अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा दे रहा है। यह भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में योगदान देगा।

## 20 लाख रु. की बाइक भारत में लॉन्च

एजेंसी, मुंबई



भारत में 2025 ट्रायम्फ स्पीड ट्रिपल 1200 आरएस को लॉन्च कर दिया गया है। पिछली मॉडल की तुलना में इसकी कीमत 2.44 लाख रुपए ज्यादा है। अब इसकी कीमत 20.39 लाख रुपए एक्स-शोरूम से शुरू होती है फिर भी यह बाइक डुकाटी स्ट्रीटफाइटर वी-4 और केटीएम 1390 सुपर डुक जैसी यूरोपीय बाइक्स से सस्ती है। नई बाइक में कई मैकेनिकल और इलेक्ट्रॉनिक सुधार किए गए हैं ताकि राइडिंग एक्सपीरियंस बेहतर हो सके।

**डिजाइन और कलर ऑप्शन**-बाइक का ओवरऑल लुक अब भी शार्प और एग्रेसिव है, लेकिन अब इसमें नए 3 कलर ऑप्श हैं। इसमें पूरी तरह ब्लैक स्टील्थ लुक, ग्रे और रेड का स्पोर्टी कॉम्बिनेशन इसके अलावा ग्रे के साथ येलो हाइलाइट्स वाला ऑप्शन है। साथ ही अब बाइक में नए अलॉय व्हील्स मिलते हैं जो पहले से हल्के हैं। इससे बाइक का वजन घटा है और हैंडलिंग बेहतर हुई है।

**फीचर्स और इलेक्ट्रॉनिक्स**-बाइक में अब व्हीली कंट्रोल सिस्टम को ट्रैक्शन कंट्रोल से अलग एडजस्ट किया जा सकता है, जिससे अनुभवी राइडर्स को ज्यादा कंट्रोल मिलेगा। पहली बार बाइक में स्टीयरिंग डैम्पर दिया गया है, जिससे हाई-स्पीड पर बाइक ज्यादा स्टेबल रहती है। ओह लाइन्स सस्पेंशन को अब नई ईसी-3 इलेक्ट्रॉनिक सस्पेंशन यूनिट्स से अपडेट किया गया है, जिससे सस्पेंशन ऑन-द-फ्लाई (चलती बाइक में) एडजस्ट हो सकता है और भारतीय सड़कों के लिए बेहतर हो गया है।

**हार्डवेयर अपडेट्स**-अब बाइक में पिरेली सुपरकोर्सा वी-3 टायर्स मिलते हैं, जो पहले वाले मेट्जेलर रेसेटेक आरआर की जगह लाए गए हैं। टायर साइज वही 17 इंच है, लेकिन नए टायर्स से रोड और ट्रैक दोनों पर बेहतर ग्रिप और परफॉर्मेंस मिलती है।

**इंजन और परफॉर्मेंस**-बाइक में वही 1160 सीसी का इनलाइन ट्रिपल इंजन है, लेकिन अब यह 183 बीएचपी और 128 एनएम टॉर्क देता है जो पहले से थोड़ा ज्यादा है। यह पावर बढ़ोतरी नई फ्री-फ्लो एग्जॉस्ट सिस्टम की वजह से संभव हुई है। बाइक का वजन 199 किलो है, लेकिन हल्के व्हील्स और ज्यादा पावर इसे बैलेंस कर देते हैं।

## 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है केमिकल सेक्टर, उत्पादन दोगुना होगा

### 2040 तक के प्लान पर नीति आयोग की रिपोर्ट

एजेंसी, नई दिल्ली



नीति आयोग की एक रिपोर्ट में कहा गया कि लक्षित सुधारों से 2040 तक भारत का केमिकल सेक्टर 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा और वैश्विक मूल्य श्रृंखला (जीवीसी) में 12 प्रतिशत की हिस्सेदारी हासिल कर लेगा। वर्तमान में वैश्विक केमिकल मूल्य श्रृंखलाओं में भारत की हिस्सेदारी 3.5 प्रतिशत है और 2023 में देश का केमिकल व्यापार घाटा 31 अरब डॉलर था। इसकी वजह आयातित फीडस्टॉक और विशेष केमिकल पर उच्च निर्भरता होना है।

नीति आयोग ने रिपोर्ट में कहा कि 2030 के लिए विजन यह है कि भारत वैश्विक केमिकल मूल्य श्रृंखला में 5-6 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ वैश्विक केमिकल मैन्युफैक्चरिंग में महाशक्ति बन जाए। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा कि केमिकल सेक्टर देश के कई पारंपरिक उद्योगों से कहीं बड़ा है और इसका लाभ उठाने का यही समय है।

उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा, हम केमिकल के एक प्रमुख उत्पादक हैं। यह एक तेजी से बढ़ता हुआ सेक्टर है। जैविक और अजैविक दोनों प्रकार के केमिकल हमारे जीवन का अहम हिस्सा हैं। हम कुछ भी करते हैं तो यह उसमें मौजूद होते हैं।

**35-40 अरब डॉलर का होगा अतिरिक्त निर्यात**-इस सेक्टर का लक्ष्य अपने वर्तमान उत्पादन स्तर को दोगुना करना और 2023 में व्यापार घाटे को 31 अरब डॉलर से काफी कम करके केमिकलों में नेट जीरो व्यापार संतुलन तक पहुंचना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस पहल से 35-40 अरब डॉलर का अतिरिक्त निर्यात होगा, जिससे लगभग 7 लाख नौकरियां पैदा होंगी।

केमिकल सेक्टर की रणनीतिक अहमियत पर जोर देते हुए नीति आयोग के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. अरविंद विरमानी ने कहा कि इस सेक्टर के लिए एक राष्ट्रीय नीति की जरूरत है, क्योंकि हथियार निर्माण से लेकर एक्सपोर्ट क्लस्टर तक की जिम्मेदारी राज्यों की नहीं, बल्कि केंद्र की होती है।

उन्होंने आगे कहा कि भारत में जो भी बड़े केमिकल क्लस्टर हैं, वे अधिकतर तटीय राज्यों में स्थापित हैं, क्योंकि पेट्रोकेमिकल्स और उससे जुड़ी वैल्यू चेन आमतौर पर समुद्री बंदरगाहों के नजदीक बेहतर काम करती है। इन क्लस्टर्स की मदद से रॉ मैटीरियल की कॉस्ट कम होती है और लॉजिस्टिक्स कुशल बनती है। इस कारण सात से आठ बड़े कोस्टल क्लस्टर्स की पहचान की गई है।

# मंत्री बोले- विकास कार्यों में लेटलतीफी नहीं होगी बर्दाश्त

## एक्शन मोड में मंत्री टेटवाल, विकास कार्य पूरे करने को लेकर दिया अल्टीमेटम

गुड इवनिंग, सारंगपुर

**कौशल विकास एवं रोजगार विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. गौतम टेटवाल अपनी विधानसभा में विकास कार्यों को लेकर गंभीर है और अब एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं, उनके द्वारा पंचायत स्तर से लेकर नगरीय निकाय स्तर पर लगातार हर छोटे बड़े कामों की समीक्षा बैठके आयोजित कर सूक्ष्मता से समीक्षा की जा रही है। मंगलवार को भी राज्यमंत्री श्रीटेटवाल ने एसडीएम कार्यालय सभाग्रह में विधानसभा में चल रहे विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की। जिसमें एसडीएम रोहित बम्हौरे, एसडीओपी अरविंद सिंह, तहसीलदार आकाश शर्मा, नगर पालिका सीएमओ ज्योति सुनहरे, पचोर नप सीएमओ दीपक रानवे, स्वास्थ्य विभाग से बीएमओ डॉ. मनीष चौहान सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।**

**विकास कार्यों में लेट लतीफी नही होगी बर्दाश्त:टेटवाल-** विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए बैठक में राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने अधिकारीयों ओर ठेकेदारों को सभी विकास कार्य समय अवधी में पूरा करने का अल्टीमेटम दिया। इस दौरान मंत्री टेटवाल ने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार विकास की गंगा बह रही है। इसमें सभी को ईमानदारी के साथ तेजी से काम करना होगा। सरकार जनता के हितों के लिए सजक और संकल्पित है। सभी कार्य समय अवधि में पूरे हो इसे लेकर अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग करें। यदि कोई भी अपना कार्य ईमानदारी से नहीं करता हुआ पाया जाए तो उसके खिलाफ कार्रवाई करें। विकास कार्यों में लेट लतीफी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**सारंगपुर नगर पालिका एवं पचोर नगर परिषद में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे-** बैठक के दौरान मंत्री डॉ गौतम टेटवाल ने कहा कि शहर में अधिकतर जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जिसके द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी। एक महीने में पूरे शहर को स्वच्छ बनाएंगे। और जो भी खुले में गंदगी फैलाता हुआ नजर आएगा उसे पर कार्रवाई की जाएगी। सरकार लगातार विकास कार्यों को लेकर सजक है। जनता को हर प्रकार के सुख सुविधा मिले इसे लेकर सरकार लगातार काम कर रही है। इस मौके पर राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, एसडीएम रोहित बम्हौरे, एसडीओपी अरविंद सिंह, तहसीलदार आकाश शर्मा, नायब तहसीलदार गोपाल सिंह चौहान, बीएमओ डॉ. मनीष चौहान, सीएमओ ज्योति सुनहरे एवं दीपक रानवे, नपा उपाध्यक्ष निलेश वर्मा सहित विभागीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि व अन्य उपस्थित थे।



### जनता को दीर्घकालिक लाभ दिलाना राज्य सरकार का उद्देश्य

मंत्री टेटवाल ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य केवल योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं बल्कि गुणवत्ता, पारदर्शिता और दीर्घकालिक जनहित को सुनिश्चित करना है। इसलिए सभी अधिकारी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ अपने कार्य को पूर्ण करें। समीक्षा बैठक में मंत्री डॉ गौतम टेडवाल ने कहा कि सभी को स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना है। क्षेत्र में 15 जुलाई से 15 अगस्त तक सफाई अभियान चलाकर सभी स्थानों को स्वच्छ किया जाए। सभी शासकीय कर्मचारी, अधिकारी, निगम के कार्यकर्ता, हर जगह जाकर सफाई अभियान में सहयोग कर गली मोहल्ला को स्वच्छ रखने में योगदान दें। साथ ही निगम आधिकारियों से कहा कि बरसात में कहीं भी जल भराव की समस्या ना हो इसका विशेष ध्यान दें। छोटी बडी नालियां और नाले की सफाई लगातार होती रहे। विद्यालय ओर अस्पताल परिसर के आसपास सफाई का विशेष ध्यान रखें। और कोई भी गंदगी फैलाता हुआ नजर आए तो उसे पर तत्काल प्रभाव से चालानी कार्रवाई करें।

### बोले राज्यमंत्री



विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित पदाधिकारी कार्य में पारदर्शिता व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे। हमने निर्देश दिए है कि सभी विकास परियोजनाओं को तयशुदा समय पर पूरा किया जाए। इस दौरान किसी भी तरह की उदासीनता और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो भी लापरवाही करेंगा उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई होगी। राज्य सरकार का उद्देश्य केवल योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं बल्कि गुणवत्ता, पारदर्शिता और दीर्घकालिक जनहित को सुनिश्चित करना है। इसलिए सभी अधिकारी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ अपने कार्य को पूर्ण करें।

**डॉ. गौतम टेटवाल,राज्यमंत्री।**

---

# अमानक प्लास्टिक की पन्नियों का इस्तेमाल न करने पर एकजुट हुए डीलर एसोसिएशन



गुड इवनिंग, सारंगपुर

सारंगपुर डीलर एसोसिएशन की वार्षिक मीटिंग स्थानीय सुरभि रेस्टोरेंट एंड होटल्स सारंगपुर में आयोजित की गई। डीलर एसोसिएशन डीलर रितिक जैन, अमित जैन, अंकित जैन पोरवाल एवं अनमोल जैन का स्वागत किया गया। वही कई महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर चचाएँ हुई। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मनीष चौरसिया एवं संरक्षक गजेंद्र सिंह खींची ने अपने संबोधित किया। सभी डीलरशिप के सदस्यों ने अमानक प्लास्टिक की पन्नियों का उपयोग पूर्ण प्रतिबंधित करने का फैसला लिया, जहां-जहां कपडे की थैलियां या कागज के एनवेलप डीलर एसोसिएशन वाले गिफ्ट बतौर दे सकते हैं वहां वहां उसे देने का फैसला लिया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए पूर्व अध्यक्ष अंशुल श्रीमाल ने नगर को स्वच्छ एवं प्रदूषण रहित बनाने के लिए डीलर एसोसिएशन के सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर के सदस्य किशोर पुष्पद ने आभार माना।

# धरा को हरा-भरा बनाने के लिए शिक्षक स्कूल के बाद कर रहे पर्यावरण सेवा

## 17 सालों में 2000 से अधिक पौधे स्कूल, सार्वजनिक स्थल में रोपे

गुड इवनिंग, सारंगपुर

पड़ाना उनका कर्तव्य है तो हरियाली जुनून। ड्यूटी और शौक दोनों के बीच बेहतर तालमेल से उन्होंने शिक्षा के मंदिर को आदर्श के रूप में स्थापित कर लिया है। बच्चों के साथ जब वह किताबी ज्ञान से इतर पर्यावरण संरक्षण की बात करते हैं तो उसे धरातल पर साकार भी करते हैं। सारंगपुर ब्लाक के सारंगपुर निवासी प्राथमिक शिक्षक पर्यावरण प्रेमी मोहम्मद तारिक अंसारी स्कूल से लेकर सार्वजनिक स्थलों एवं कब्रस्तान की भूमि पर 17 सालों में 2000 से अधिक छायादार व फलदार पौध रोपित कर कई पेडों को तैयार कर चुके है।



शिक्षक अंसारी ने वर्ष 2008 से पर्यावरण की सेवा शुरू की और पैसे से नर्सरी से पौधे खरीद कर लाते थे। बच्चों की पढाई के बाद समय मिलते ही जहां समय मिलता वह पर भूमि में रोपित करने लगते थे। पौधों की देखरेख कर छायादार पेड तैयार कर दिए। शुरूआत में तो इन्हें देख कर कुछ लोग खिल्लियां उडाते थे। लेकिन बाद में इन से प्रेरित होकर पौध संरक्षण में सहयोग के साथ पर्यावरण की अलख जगाने लगे। स्कूल परिसर सहित सार्वजनिक स्थल, कब्रस्तान, दरगाह परिसर सहित अन्य भूमि पर इन्होंने पीपल, बरगद, नीम, चिलवल, शीशम, आंवला, सागौन, अमरूद, जामुन के पौध लगा दिए। पौधों को खाद पानी देने से लेकर नियमित देखरेख का जिम्मा खुद संभालते हैं। देखते ही देखते 2000 से अधिक पेड लगा चुके है और आज भी पौध रोपते रहते हैं। फूल, सजावटी व फलदार पौधे धीरे-धीरे बडे हो रहे हैं। छात्र भी जब अपने गुरु जी की मेहनत को देख उनसे प्रेरित होकर घरों के आसपास खाली पडे स्थानों पर पौधरोपण का कार्य करते हैं। अंसारी कहते हैं कि शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण के लिए लोगों को जागरूक करना बहुत जरूरी है। इससे हमें जीवनदायिनी शुद्ध वायु मिलती है। साथ में छाया और फल, लकडियां भी मिलती है। शिक्षक तारिक अंसारी का कहना है कि केवल पौधे देने से काम नहीं चलता। उनका अनुभव है कि कई बार लोग पौधों की देखभाल नहीं करते। इसलिए वे स्वयं पौधारोपण स्थल पर जाकर पौधो की देखरेख करते है।

अमृत हरित महाअभियान

# राज्यमंत्री टेटवाल बोले: हर पौधा नई सांस, नया जीवन और सुंदर कल का संदेश देता है

गुड इवनिंग, सारंगपुर



अमृत हरित महाअभियान के नगर के वार्ड 17 तारागंज में नगर पालिका द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मंत्री गौतम टेटवाल द्वारा औषधीय और फलदार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री टेटवाल ने कहा वृक्ष केवल हमारे जीवन के लिए प्राणवायु नहीं, बल्कि यह आने वाली पीढियों के लिए हमारी सबसे बडी धरोहर है। हर पौधा एक नई सांस, एक नया जीवन और एक सुंदर कल का संदेश देता है। उन्होंने सभी लोगों अभियान को जन आंदोलन का रूप देने का आह्वान करते हुए अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी की अपील की है। उन्होंने कहा कि आइए, हम सब मिलकर इस अभियान को जन-आंदोलन बनाएं। प्रकृति से प्रेम करें, अधिक से अधिक पौधारोपण करें और आने वाली पीढियों को एक स्वच्छ, हरित और खुशहाल वातावरण उपहार में दें। प्रकृति में निवेश करें, भविष्य को सुरक्षित बनाएं। सीएमओ ज्योति सुनहरे ने बताया अमृत हरित महाअभियान मध्य प्रदेश सरकार की एक दूरदर्शी पहल है। इस अभियान का उद्देश्य 2030 तक प्रदेश की 15 प्रतिशत भूमि को वन क्षेत्र में परिवर्तित करना है। इस मौके पर नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, महामंत्री कमल राठौर, चिरागम सोनी, पार्षद कुलदीप राठौर, भानु लववंशी, सुनील बागवान सहित अन्य उपस्थित थे।

# श्री रामेश्वर महादेव मंदिर में मंत्री टेटवाल ने किया जलाभिषेक, पूजा-अर्चना की

गुड इवनिंग, सारंगपुर



श्रावण माह की पावनता और शिवभक्ति के इस विशेष अवसर पर सारंगपुर के वार्ड क्रमांक 2 स्थित श्री रामेश्वर महादेव मंदिर में राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। इस मौके पर राज्यमंत्री श्रीटेटवाल ने कहा कि इस कार्यक्रम में शामिल होकर अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति का अनुभव प्राप्त हुआ। यह दिव्य आयोजन श्रद्धा, आस्था और सामाजिक एकता का अनुपम उदाहरण है। शिवभक्तों की भक्ति-भावना और सेवा ने इस आयोजन को अत्यंत प्रभावशाली और पुण्यदायी बना दिया। इस धार्मिक आयोजन के लिए मैं भरगुड़ा समाज को हृदय से साधुवाद ज्ञापित करता हूँ, जिनके सामूहिक प्रयासों से यह आयोजन सफल हुआ। हमारी संस्कृति और परंपराएं ही हमें जोडती हैं और हमें एक मजबूत समाज का आधार प्रदान करती हैं। इस मौके पर नपा उपाध्यक्ष निलेश वर्मा, पार्षद बाबूलाल अहिरवार, सिद्धुलाल पुष्पद सहित वार्डवासी एवं भक्तजन उपस्थित थे।

## ट्रेनरों ने मतदाता सूची सुधार और नामांकन करने के बारे में दी जानकारी

# बीएलओ और सुपरवाइजर को दिया प्रशिक्षण

गुड इवनिंग, सारंगपुर



निर्वाचन आयोग की ओर से जारी निर्देशों के तहत सारंगपुर शासकीय महाविद्यालय में 14 जुलाई से एसडीएम रोहित बम्हौरे ने निर्देशन में शुरू हुए बीएलओ और सुपरवाइजरों का तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को समापन किया गया है। प्रशिक्षण तीन दिवस तक पांच सत्रों में अलग-अलग कक्षाओं में संपन्न हुआ है, जिसमें एसएसआर यानी स्पेशल समरी रिवीजन और एसएआरयानी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन से जुडी तकनीकी जानकारी दी जा रही है। इन प्रक्रियाओं का मकसद मतदाता सूची को सटीक, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है।

प्रशिक्षण के माध्यम से सभी बीएलओ को निर्देश दिए गए कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण शत प्रतिशत होना चाहिए। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा चुनाव आयोग से प्राप्त आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए और सभी को कार्य को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए गए। इस दौरान ट्रेनर मोहम्मद तारिक अंसारी ने बताया कि सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के कुल 247 बूथों के पहले दिन 100 और दूसरे दिन 100 और तीसरे दिन 47 बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया है। मास्टर ट्रेनर बबीता मिश्रा ने बताया कि प्रशिक्षण में बीएलओ को यह सिखाया गया है कि मतदाता सूची में संशोधन, नए नाम जोडना, पुराने हटाना और अन्य चुनावी दस्तावेजों का संधारण कैसे किया जाए। साथ ही यह भी बताया गया है कि वे अपने क्षेत्र के मतदाताओं के साथ बेहतर समन्वय बनाकर किस तरह सटीक जानकारी जुटा सकते हैं। सारंगपुर तहसीलदार आकाश शर्मा ने ब ताया कि आयोग की हालिया गाइडलाइंस और तकनीकी साधनों का इस्तेमाल भी इस प्रशिक्षण का अहम हिस्सा रहे है। इससे बीएलओ को चुनाव प्रक्रिया से जुडी नई तकनीक, मोबाइल ऐप, पोर्टल्स और ऑनलाइन अपडेटिंग प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई है। एसडीएम रोहित बम्हौरे ने बताया कि प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य यह है कि आने वाले चुनावों में मतदाता सूची से संबंधित कार्य सटीक, पारदर्शी और समय पर पूरे किए जा सकें। प्रशिक्षण के जरिए बीएलओ की तकनीकी दक्षता में इजाफा हो सके और वे अपने क्षेत्र में मतदाता पुनरीक्षण कार्य सुचारु रूप से कर सकें। इस मौके पर बीएलओ एवं ट्रेनर उपस्थित रहे।

संपादकीय

# संसद का मानसून सत्र इस बार आर या पार

21 जुलाई से संसद का मानसून सत्र शुरू होने जा रहा है इस बार का मानसून सत्र सत्ता पक्ष और विपक्ष के लिए आर पार की लड़ाई जैसा होगा। केंद्र में गठबंधन की सरकार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके पूर्व कभी भी गठबंधन की सरकार नहीं चलाई है। 2002 से लेकर 2024 तक वह हमेशा पूर्ण बहुमत की सरकार के मुख्यमंत्री अथवा प्रधानमंत्री रहे हैं। 2024 के बाद वह गठबंधन के प्रधानमंत्री हैं। 10 वर्षों के बाद विपक्ष संसद में मजबूत हुआ है। पिछले दो-तीन महीने में जिस तरह की घटनाएं भारत में हुई हैं। उससे सरकार की मुसीबतें बढ़ रही हैं। पिछले 10 वर्षों में जिस तरह से केंद्र की सत्ता एकाधिकार के बल पर संचालित हो रही थी। वैसी ही स्थिति 11वें साल में केन्द्र सरकार रखना चाहती है। जिसके कारण भाजपा की मुसीबतें बढ़ने लगी हैं। केंद्र सरकार में भाजपा के सबसे बड़े सहयोगी राजनीतिक दल तेलुगु देशम पार्टी और बिहार में जनता दल है। यदि इन दोनों दलों द्वारा समर्थन वापस ले लिया जाता है, तो सरकार गिर भी सकती है। ऐसी स्थिति में सरकार मध्यावती चुनाव का निर्णय ले सकती है। सदन के अंदर यदि सरकार पराजित होती है, ऐसी स्थिति में इंडिया गठबंधन अन्य राजनीतिक दलों के साथ समझौता करके केंद्र में सरकार बना सकती है। यह बात इसलिए लिखना पड़ रही है, बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन समीक्षा में जिस तरह की प्रक्रिया चुनाव आयोग द्वारा अपनाई जा रही है। उसके कारण चुनाव आयोग की साख पूरी तरह से खत्म होती हुई नजर आ रही है। चुनाव आयोग की यह पहचान भी बन रही है, वह केंद्र सरकार और भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। चुनाव आयोग मतदाता सूची के लिए जो दस्तावेज मांग रहा है, उसमें आधार कार्ड को मान्य नहीं है। वर्तमान में आधार कार्ड ही भारतीय नागरिकों के पास सबसे प्रमाणिक सरकारी दस्तावेज है। सारे सरकारी कामकाज इसी आधार कार्ड से हो रहे हैं। आधार कार्ड बनाते समय लोगों के आंखों की पुतलियां, फिंगरप्रिंट और उनके परिवार से संबंधित सभी लोगों का आधार कार्ड अनिवार्य है। चुनाव आयोग आधार के स्थान पर ऐसे दस्तावेज मांग रहा है, जो फर्जी हो सकते हैं। उनकी प्रमाणिकता कभी भी साबित नहीं हो सकती है। इसको लेकर टीडीपी के चंद्रबाबू नायडू ने स्पष्ट रूप से आयोग के सामने विरोध जता दिया है। जनता दल में मतदाता सूची को लेकर बिहार में दो फाड़ हो चुका है। इंडिया गठबंधन पहले ही जम्मू कश्मीर के पहलगांव में 28 पर्यटकों की मौत, उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर, जब भारतीय सेना जब पाकिस्तान को बड़ा नुकसान पहुंचा रही थी, उस समय सीजफायर करना, ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय विमानों का गिरना, भारतीय सेना द्वारा यह कहना कि मीडिया और राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण भारतीय सेना को नुकसान हुआ है। पाकिस्तान द्वारा लड़ाई में चीन के हथियारों का इस्तेमाल करने के साथ-साथ चीन द्वारा सैटेलाइट मैपिंग एवं तकनीकि का भारत के खिलाफ पाकिस्तान को लड़ाई में सहयोग दिया है। ऑपरेशन सिंदूर को दुनिया के किसी देश का समर्थन नहीं मिलने, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सहायता का पैकेज मिलने, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता कराने, पाकिस्तान के जनरल मुनीर को अमेरिका बुलाकर व्हाइट हाउस में लंच कराकर सम्मानित करने, चीन के साथ भारत का आयात और निर्यात घाटा बढ़ने, भारत का चीन के साथ सीमा विवाद, मणिपुर में लगातार अशांति, दलाई लामा को लेकर चीन के साथ तनाव के मुद्दे विपक्ष के पास हैं। भारत के उद्योगपति गौतम अडानी, सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अब विदेश मंत्री जयशंकर का चीन जाना सरकार को कटघरे में खड़ा कर रहा है। इसी तरह से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगातार भारत को टैरिफ की धमकी देते हुए अमेरिका से कारोबार बढ़ाने, अमेरिका से कृषि और डेयरी उत्पाद को भारत में आयात करने, रूस के साथ तेल और सैन्य डील को खत्म करने का दबाव बनाया जा रहा है। इन सभी मामलों में सरकार ने चुप्पी साध रखी है। जिसके कारण इस संसद सत्र में सरकार के लिए बड़ी परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। बिहार की मतदाता सूची को लेकर चुनाव आयोग इलाहाबाद हाईकोर्ट के दो जजों के खिलाफ महाभियोग को लेकर भी सत्ता पक्ष और विपक्ष में तनातनी बनी हुई है। 21 जुलाई से शुरू होने वाले इस मानसून सत्र में सरकार डिजिटल प्रतिस्पर्धा विधेयक, जीएसटी न्यायाधिकरण विधेयक, सार्वजनिक खरीद विधेयक, दिवालियापन एवं ऋण शोधन संहिता संशोधन विधेयक, खेलों में नैतिक आचरण संशोधन विधेयक, भू वैज्ञानिक विरासत संरक्षण विधेयक, मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ाए जाने का विधेयक पास कराना चाहती है। इसके अलावा वक्फ बिल को लेकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आ सकता है। बिहार में सघन मतदाता सूची का मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। सुप्रीम कोर्ट का सुझाव, चुनाव आयोग मानता है या नहीं, इसको लेकर भी संसद में विपक्ष बहुत आक्रामक भूमिका में होगा। सरकार के सहयोगी दल संसद में कैसा रुख अख्तियार करेंगे, कह पाना मुश्किल है। मानसून सत्र के पहले जिस तरह से सरकार और विपक्ष के बीच में तनाव देखने को मिल रहा है। उससे यह प्रतीत होता है इस बार विपक्ष आर पार की लड़ाई लड़ने के मूड में है। 1975 में आपातकाल के पूर्व जिस तरह से देश भर में छात्र आंदोलन चल रहे थे। उस समय महंगाई-बेरोजगारी मुख्य मुद्दा था। उस समय राजनीतिक दलों ने इंदिरा गांधी के इस्तीफा को राजनीतिक मुद्दा बनाकर आंदोलन को हवा दी थी। इस बार मतदाता अधिकार को लेकर विपक्ष ने मतदाताओं को उद्देलित कर दिया है। बिहार, पश्चिम बंगाल, आंध्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र इत्यादि राज्यों में धुआं उठने लगा है। कब यह ज्वाला में परिवर्तित हो जाएगा कहना मुश्किल है। इस बार विपक्ष पूरी तरह से आक्रामक मुद्रा में है। विपक्ष किसी भी स्तर पर जा सकता है। इस बार विपक्ष संसद में अपनी ताकत नहीं दिखा पाया, तो भविष्य में कोई अस्तित्व नहीं रहेगा। इस स्थिति को देखते हुए यह कहा जा सकता है। संसद का मानसून सत्र इस बार सरकार और विपक्ष के लिए आर-पार की लड़ाई जैसा है। ऊंट किस कर-वट बैठेगा कहना मुश्किल है।

## रेलवे पुलिस ने नशे के खिलाफ लोगों को किया जागरूक




फोटो : गुड इवनिंग




इंदौर। 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान में रेलवे पुलिस भी आगे आई है। अभियान के दूसरे दिन रेलवे पुलिस इंदौर द्वारा स्टेशन और शिक्षण संस्थानों में छात्रों, कुलियों, ऑटो चालकों सहित आमजन को नशा मुक्त समाज के लिए प्रेरित किया गया। रील्स, पंपलेट्स और शपथ के माध्यम से जागरूकता का संदेश प्रभावी रूप से फैलाया गया।

### महाकाल के दर्शन कर लौट रहा था, धरावरा धाम के पास हुआ हादसा

# कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत



गुड इवनिंग, इंदौर

उज्जैन से महाकाल के दर्शन कर लौट रहे एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक की बाइक को कंटेनर ने टक्कर मार दी। इससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना इंदौर के धरावरा धाम के पास हुई। हादसे में बनोदा गांव के निवासी सचिन मालवीय की मौत हुई है। वह ढाबा संचालित करता था। रात को वह अपने कुक चेतन के साथ बाइक पर सवार होकर महाकाल के दर्शन करने गया था। चेतन राजस्थान का निवासी है। हादसे में वह भी गंभीर रुप से घायल हुआ है। दोनों मंगलवार को उज्जैन गए थे। वहां से वे लौट रहे थे। तभी धरावरा धाम के समीप एक कंटेनर ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी।सचिन की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि सड़क के दूसरी तरफ गिरने से चेतन कंटेनर के पहिए के नीचे आने से बच गया, लेकिन गिरने के कारण उसे गंभीर चोटें आई हैं। उसके कंधे और पैर में चोट लगी है। राहगिरों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद कंटेनर चालक भाग गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

## सड़क हादसे में हुई छात्र की मौत के मामले में पुलिस कार्रवाई से दुखी परिजन जुटा रहे सबूत

इंदौर। गांधी नगर इलाके में दो दिन पहले हुए सड़क हादसे में 17 वर्षीय छात्र की मौत के मामले में छात्र के परिजन पुलिस की कार्रवाई से दुखी हैं। अब वे खुद हादसे के सबूत जुटा रहे हैं।



दो दिन पहले भविष्य यादव की मौत हो गई थी, जबकि उसकी छोटी बहन भूमिका गंभीर रूप से घायल हो गई थी जिसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। हादसा सोमवार को गायत्री मंदिर के पास हुआ था, जब एक वैन ने दोनों को लापरवाही से टक्कर मार दी। हादसे के बाद से पुलिस वैन और उसके ड्रायवर की तलाश कर रही थी। बुधवार को मृतक के परिजन भाटिया अस्पताल पहुंचे और वहां का सीसीटीवी फुटेज निकाला। इसमें न सिर्फ टक्कर मारने वाली वैन का नंबर (एमपी 09 बीडी9577) दिखा, बल्कि ड्रायवर की भी स्पष्ट तस्वीर नजर आई। परिजनों के अनुसार, यही ड्रायवर हादसे के बाद दोनों को वैन में डालकर अस्पताल लाया था, लेकिन उन्हें छोड़ते ही वहां से भाग गया। इससे पहले, सोमवार को घटनास्थल का सीसीटीवी फुटेज सामने आया था, लेकिन उसमें वाहन और ड्रायवर की पहचान नहीं हो सकी थी। परिवार ने सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंपा है, ताकि आरोपी ड्रायवर की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जा सके। परिजनों का कहना है कि पुलिस की धीमी कार्रवाई से वे दुखी हैं और अब खुद सबूत इक्ा कर रहे हैं।

# बदमाशों ने नाबालिग को घोंपा चाकू

गुड इवनिंग, इंदौर

कनाड़िया क्षेत्र में पुलिस लाइन के सामने दो बदमाशों ने एक बाइक सवार नाबालिग को रास्ते में रोका और लिफ्ट मांगी। जब उसने लिफ्ट देने से मना किया तो आरोपियों ने उसकी पिटाई की और चाकू घोंपकर भाग गए। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। थाना कनाड़िया पुलिस के मुताबिक चाकूबाजी की घटना बिचौली हप्सी रोड पर पुलिस लाइन के सामने हुई। घायल का नाम चंदन (17) है। उसकी शिकायत पर आरोपी डमरू और उसके साथी के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने बताया कि मैं अपनी बाइक पर सवार होकर बिचौली हप्सी रोड पर जा रहा था। मैं जैसे ही पुलिस लाइन के सामने पहुंचा तो रोड पर खड़े आरोपियों ने मुझे हाथ देकर रोका। आरोपी डमरू ने मुझसे कहा कि हम दोनों को हमारे घर छोड़ दो, मैंने उनके घर छोड ? से मना कर दिया तो आरोपियों ने मुझे गालियां दी। मैंने गाली देने से मना किया तो उन्होंने मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान आरोपी अपनी जेब से चाकू निकाला और मुझ पर वार कर दिया। चाकू कमर में दाहिने तरफ लगा जिससे चोट लगकर खून निकलने लगा। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी वहां से भाग गए। जाते जाते वे बोले कि आज तो बच गया आईंदा हमें लिफ्ट देने से मना किया तो हम तुझे जान से खत्म कर देंगे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# पिस्टल के साथ रील बनाने वाला युवक क्राइम ब्रांच की गिरफ्त में

गुड इवनिंग, इंदौर

युवक को हवाबाजी करना महंगा पड़ा। उसने इंस्टग्राम पर पिस्टल के साथ फोटो डाला। क्राइम ब्रांच ने उसे पकड़ लिया। डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए टीम बना रखी है। हाथियारों का प्रदर्शन करने और विवादित पोस्ट डालने वालों पर टीम नजर रखती है और कार्रवाई करती है। इंस्टग्राम पर युवक का फोटो नजर आया जिसमें वो हंसता हुआ हाथ में पिस्टल लिए नजर आ रहा था टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसका नाम फरहान उर्फ चीनू अफजल खान (19) मदीना नगर मस्जिद चंदननगर है। मुलजिम को द्वारकापुरी पुलिस को सौंपा गया है। उसका पुराना रिकार्ड पता किया जा रहा है। मुलजिम ने जिससे पिस्टल खरीदी है उसका नाम कबूला है उसकी तलाश की जा रही है।

# लोहे के पाइप से हमला

गुड इवनिंग, इंदौर

सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश के चलते आरोपियों ने एक युवक पर लोहे के पाइप से हमला कर घायल कर दिया। हमले के बाद आरोपी भाग गए। पुलिस के मुताबिक घटना अनारबाग काली टंकी के पास हुई। घायल का नाम उमेर पिता रिजवान अंसारी निवासी साउथ तोड़ा है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी आसिफ व समीर अंसारी के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मैं अपनी दुकान पर काम कर रहा था तभी आसिफ अंसारी व समीर अंसारी दुकान पर आए। रंजिश को लेकर मुझे गालियां देने लगे। मैंने गालियां देने से मना किया तो आसिफ ने दुकान में पड़ा लोहे का पाइप उठाकर हमला कर दिया। जिससे सिर में चोट लगकर खून निकलने लगा। जबकि आरोपी समीर ने अब्दुला असांरी को पीटा जिससे आंख में चोट आई।



# 16 साल की बच्ची की हार्ट अटैक से मौत

गुड इवनिंग, इंदौर

इंदौर के परदेशीपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुलकर्णी का भट्टा निवासी 16 वर्षीय लावण्या जैन की रहस्यमय हालात में मौत हो गई। इस मामले ने लोगों को चौंका दिया है, क्योंकि मृतका की उम्र महज 16 वर्ष थी। जानकारी के अनुसार लावण्या ने सोशल मीडिया के लिए एक रील बनाई और फिर सो गई। जब काफी देर तक नहीं उठी तो परिजनों ने उसे जगाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं उठी। परिजन उसे तत्काल पास के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। किशोरी की अचानक मौत को लेकर परिवार को संदेह है कि उसे दिल का दौरा (हार्ट अटैक) आया था। पुलिस को इस संबंध में सूचना दी गई और मर्ग कायम कर जांच प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। हाल के दिनों में हार्ट अटैक से युवाओं की मौत के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं, जो चिकित्सा विशेषज्ञों और आमजन के लिए चिंता का विषय बन गया है। 16 वर्षीय लावण्या की मौत भी इसी संदर्भ में देखी जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है और अब पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिससे मौत के वास्तविक कारण का पता चल सके। फिलहाल इस घटना ने इलाके में शोक और हैरानी का माहौल बना दिया है। हार्ट स्पेशलिस्ट डाक्टर सगीर अहमद का कहना है कि युवा वर्ग को स्वास्थ्य और मानसिक तनाव के प्रति सतर्क रहना चाहिए, ताकि ऐसी दुखद घटनाओं से बचा जा सके।हालांकि इतनी कम उम्र में हार्ट अटैक होना दुर्लभ माना जाता है, फिर भी इस प्रकार की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे युवाओं की जीवनशैली और स्वास्थ्य पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

**परदेशीपुरा थाना क्षेत्र का मामला, रील बनाकर ऐसी सोई कि उठी ही नहीं**

# युवक के पेट में चाकू मारा

गुड इवनिंग, इंदौर

रावजी बाजार क्षेत्र में आपसी कहासुनी में चाकूबाजी की घटना हो गई। आरोपी ने युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। चाकू फरियादी के पेट में लगा। हमले के बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक हमले की घटना फरियादी मोहम्मद आकिब पिता अब्दुल कादिर निवासी साउथ तोड़ा के साथ हुई। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी उमेर पिता रिजवान अंसारी के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने बिना कारण विवाद किया और गालियां दी। जब उसे गाली देने से मना किया तो लात घूसों से पीटा और चाकू पेट पर मार दिया जिससे चोट लगकर खून निकलने लगा हमले के बाद वह जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।



### आबकारी विभाग की टीम ने निरंजनपुर, बजरंग नगर सहित अन्य स्थानों पर की छापामार कार्रवाई

# एक सप्ताह में साढ़े तीन लाख की शराब और महुआ लाहन जब्त

गुड इवनिंग, इंदौर





इंदौर जिले में अवैध शराब और नशीले पदार्थों की बिक्री, परिवहन और भंडारण के खिलाफ आबकारी विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। पिछले एक सप्ताह में विभाग ने 75 मामले दर्ज किए हैं। कार्रवाई के दौरान 311 लीटर देशी और विदेशी शराब, एक मोटरसाइकिल और करीब 1900 किलो महुआ लाहन जब्त किया गया है। जब्त की गई सामग्री की कुल कीमत लगभग 3.5 लाख रुपए बताई जा रही है। आबकारी विभाग की टीम ने इंदौर के अलग-अलग इलाकों और ढाबों पर छापे मारे। इनमें निरंजनपुर, बजरंग नगर, कंकड़ मराठा ढाबा, राऊ बायपास के बल्ले-बल्ले ढाबा, राजा ढाबा, निहारिका ढाबा (हातोद), रंगवासा, बिजलपुर, अपना पंजाबी ढाबा, वीर द महफिल, आशियाना ढाबा (परदेशीपुरा), माणिक बाग, सोलसिंदा, अजनोद, मानपुर और तिल्लौर खुर्द जैसे इलाके शामिल हैं।इस कार्रवाई के तहत आबकारी अधिनियम के तहत 50 से ज्यादा लोगों के खिलाफ केस दर्ज किए गए हैं। इनमें विनायक, रामस्वरूप, सिद्धांत, सागर, कमल, राजेश, सुशील, गोविंद, प्रेमचंद, अजय, लीलाबाई, गुरमीत, जसविंदर, फूलसिंह, नीतीश, रवि, मोंटी जैसे नाम शामिल हैं। इस कार्रवाई का नेतृत्व जिला उड़नदस्ता प्रभारी देवेश चतुर्वेदी और कंट्रोल रूम प्रभारी मनोज अग्रवाल ने किया। आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त अभिषेक तिवारी ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राजीव धाम द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग लून, 22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं सफायर ट्विन्स, 102 फर्स्ट फ्लोर, पीयू 3, विजयनगर, एबी रोड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित। फोन: 0731-4000244
आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2017/72473 डाक पंजीयन क्रमांक- MP/IDC/1550/2020-2022, प्रधान संपादक : राजीव धाम, एग्जीक्यूटिव संपादक गिर्राज सिकरवार, स्थानीय संपादक : कमलेश गुरु *, (*समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।